


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़


E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 11 मई 2026 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष -42 ■ अंक-043 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 12 मई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## दुनिया की कोई भी ताकत हमें झुका नहीं सकती : मोदी

**गांधीनगर,11 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ अमृत महोत्सव के दौरान पिछले 1000 वर्षों में ज्योतिर्लिंग पर हुए आक्रमणों और पुनर्निर्माण की यात्रा को याद किया। इस दौरान उन्होंने 11 मई 1998 को हुए पोखरण परीक्षण को याद करते हुए बताया कि किस तरह दुनिया ने इसका विरोध किया था, लेकिन भारत अटल रहा। उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती, दबाव में नहीं ला सकती है।

पीएम मोदी ने परीक्षण के बाद दुनियाभर से आए दबाव का जिक्र करते हुए कहा कि कई पाबंदियां लगा दी गईं, भारत को दबोचने का बहुत प्रयास किया गया, लेकिन भारत अटल रहा। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज का दिन एक और वजह से विशेष है। आज के ही दिन देश ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था। हमारे वैज्ञानिकों ने भारत के सामर्थ्य को, भारत की क्षमता को दुनिया के सामने रखा। दुनिया में तूफान आ गया, भारत... ये हैसियत... कौन होता है भारत...



परमाणु परीक्षण करे, दुनिया की आंखें लाल हो गईं। दुनियाभर की शक्तियां भारत को दबोचने के लिए मैदान में आ गईं। अनेक प्रकार के बंधन लग गए। संभावनाओं के रास्ते सारे के सारे बंद कर दिए गए। कोई भी हिल जाताङ्कदुनियाभर की शक्तियां इतना बड़ा आक्रमण कर दे तो आगे के रास्ते दिखते नहीं हैं। लेकिन हम कुछ और मिट्टी के बने हुए हैं।'पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की इच्छाशक्ति की चर्चा करते हुए कहा, '11 मई के बाद दुनिया हम पर टूट पड़ी थी। 11 मई को वैज्ञानिकों ने अपना काम कर लिया था, लेकिन 13 मई को दो और परमाणु परीक्षण हुए। जिससे दुनिया को पता चला था कि भारत की राजनीतिक इच्छाशक्ति कितनी अटल है। उस समय पूरी दुनिया का दबाव भारत पर था। लेकिन अटल जी के नेतृत्व में बीजेपी सरकार ने दिखाया था कि हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है। दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती, दबाव में नहीं ला सकती।'

प्रधानमंत्री ने गुजरात में सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर 1947 में भारत आजाद हुआ था तो 1951 में सोमनाथ की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की स्वतंत्र चेतना का उद्घोष किया था।

उन्होंने कहा, 'आजादी के समय सरदार साहब ने 500 से ज्यादा रियासतों को जोड़कर एक भारत का स्वरूप गढ़ा था। साथ ही सोमनाथ के पुनर्निर्माण से दुनिया को बताया था कि भारत केवल आजाद नहीं हुआ, भारत अपने प्राचीण गौरव को दोबारा हासिल करने के रास्ते पर बढ़ चुका है।'

## सनातन धर्म को मिटाने वाले खुद मिट्टी में मिल गए : योगी

**वाराणसी,11 मई।** 'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म को मिटाने का प्रयास करने वाले आक्रमणकारी स्वयं धूल में मिल गए हैं, क्योंकि यह भारत की अमर चेतना में बसता है। उन्होंने सोमनाथ और काशी विश्वनाथ मंदिरों के पुनर्निर्माण को सरदार पटेल द्वारा संकल्पित सांस्कृतिक स्वतंत्रता और राष्ट्रीय आत्मसम्मान की पुनर्स्थापना का प्रतीक बताया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को वाराणसी में आयोजित 'सोमनाथ संकल्प महोत्सव' को संबोधित करते हुए काशी और सोमनाथ मंदिरों के ऐतिहासिक महत्व पर जोर दिया और इन्हें भारत की सभ्यतागत चेतना की शाश्वत लौ के स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि इतिहास में दोनों मंदिरों पर अनेक हमले हुए हैं और सनातन धर्म को मिटाने के प्रयास असफल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का कार्यक्रम भारत की आध्यात्मिक परंपरा, भारतीय सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय आत्मसम्मान के पुनरुत्थान का आह्वान है। सोमनाथ संकल्प महोत्सव इसी दिशा में एक विनम्र प्रयास है। इतिहास हमें एक स्पष्ट संदेश देता है कि सनातन संस्कृति पर हमले हो सकते हैं, लेकिन इसे कभी पराजित नहीं किया जा सकता। बार-बार हुए आक्रमणों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सोमनाथ पर 17 बार आक्रमण करके इसकी महिमा



को नष्ट करने का प्रयास किया गया। यह गलत धारणा थी कि मूर्तियों को तोड़कर और मंदिरों को लूटकर भारत की आत्मा को भी नष्ट किया जा सकता है। मोहम्मद गोरी से लेकर मुगलों तक, कई विदेशी आक्रमणकारियों ने हमारी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मिटाने का प्रयास किया। औरंगजेब ने प्राचीन काशी विश्वनाथ मंदिर को ध्वस्त कर दिया और वहाँ गुलामी का प्रतीक एक ढांचा खड़ा कर दिया। लेकिन वे भारत की आत्मा को कभी नहीं तोड़ सके।

उन्होंने आगे कहा कि वे यह समझने में विफल रहे कि सनातन धर्म केवल मंदिरों की दीवारों के भीतर ही नहीं बसता, बल्कि भारत की चेतना में भी बसता है। और भारत की चेतना आत्मा को शाश्वत और अमर मानती है। जिन्होंने सनातन धर्म को मिटाने का प्रयास किया, वे स्वयं धूल में मिल गए हैं। आधुनिक मंदिर पुनर्निर्माण परियोजनाओं पर चर्चा करते हुए, आदित्यनाथ ने कहा कि सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का विकास भारत में व्यापक सांस्कृतिक पुनरुत्थान का प्रतीक है।

स्वतंत्रता के बाद की आकांक्षाओं पर विचार करते हुए, मुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक स्वतंत्रता की परिकल्पना को साकार करने का श्रेय सरदार वल्लभभाई पटेल को दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद, भारत की जनता में यह गहरी आकांक्षा थी कि देश न केवल राजनीतिक रूप से स्वतंत्र हो, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी मुक्त हो। इस आकांक्षा को आवाज़ देने वाले व्यक्ति भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल थे।

### दलदल में फंसकर हाथी की मौत

**रायगढ़,11 मई।** छत्तीसगढ़ रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में एक बार फिर हाथी की मौत की खबर सामने आ रही है। महज सात दिनों के भीतर यह दूसरी घटना है, जिसमें हाथी शावक की मौत हो गई है। घटना छाल रेंज के तरीकेला क्षेत्र का है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है, वन क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में में हाथियों की लगातार आवाजाही बनी हुई है, इसके बावजूद वन विभाग द्वारा सुरक्षा और निगरानी के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। घटना के बाद मौके पर पहुंचे वन अमले ने जांच शुरू करने की बात कही है, लेकिन लगातार हो रही घटनाओं से विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों और मानव बस्तियों के बीच संघर्ष की स्थिति लगातार बढ़ रही है। विभागीय अमला, केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित नजर आ रहा है। हाथियों की सुरक्षा, निगरानी और रेस्क्यू व्यवस्था को लेकर जिम्मेदार अधिकारी सुस्त रवैया अपनाए हुए हैं, जिसका खामियाजा अब वन्य जीवों को अपनी जान गंवाकर भुगतना

### शुभेंदु अधिकारी के पीए मर्डर केस में शार्प शूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली,11 मई।** पश्चिम बंगाल की राजनीति से जुड़े हाईप्रोफाइल मर्डर केस में बड़ा खुलासा हुआ है. बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारीके पीए मर्डर केस का आरोपी आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया. पुलिस ने यूपी के अयोध्या से शार्प शूटर राज सिंह को गिरफ्तार किया है. बताया जा रहा है कि बलिया का रहने वाला यह शूटर हत्या के बाद फरार होकर अयोध्या में छुपा बैठा था और लगातार लोकेशन बदल रहा था. कई दिनों की ट्रैकिंग और इनपुट के बाद पुलिस ने दबिश देकर उसे दबोच लिया. इस गिरफ्तारी के बाद अब मर्डर की पूरी साजिश और पीछे के कनेक्शन खुलने की उम्मीद बढ़ गई है.

### चुनाव ड्यूटी से लौटे जवान ने लगाई फांसी

**धमतरी,11 मई।** दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है. सीएएफ के जवान जागेश्वर प्रसाद की लाश शहर की पिंक सिटी कॉलोनी में किराए के मकान में फांसी पर लटकी मिली, जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. बताया जा रहा है कि जवान हाल ही में बंगाल और असम चुनाव ड्यूटी पूरी कर छुट्टी पर घर लौटा था. किसी को अंदाजा भी नहीं था कि कुछ ही दिनों बाद ऐसा दर्दनाक मामला सामने आएगा. सूचना मिलते ही छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल और पुलिस महकमे में हलचल मच गई. पुलिस मौके पर पहुंची, शव को नीचे उतारा गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. अब पड़ोसियों और परिजनों से पूछताछ की जा रही है. आखिर जवान ने यह कदम क्यों उठाया इस सवाल का जवाब हर कोई तलाश रहा है.

### ठेले से गुपचुप खाकर 25 लोग बीमार

**सारंगढ़-बिलाईगढ़,11 मई।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के रेड़ा ग्राम में ठेले पर गुपचुप खाना 25 लोगों के लिए मुसीबत बन गया. गुपचुप खाने के कुछ घंटे बाद कई लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी, जिसमें उल्टी और दस्त की शिकायतें सामने आईं. जानकारी के मुताबिक, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के रेड़ा ग्राम में एक ठेले पर बुक रहे गुपचुप को खाने के बाद लगभग 25 लोग की हालत बिगड़ गई.

## विपक्षी एकता 'टांय टांय फिस्स'

### कांग्रेस-लेफ्ट ने भाजपा के खिलाफ गठबंधन के प्रस्ताव को ठुकराया

**कोलकाता,11 मई।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में बीजेपी के हाथों मिली ऐतिहासिक हार के बाद भी टीएमसी चीफ ममता बनर्जी को झटका लगना जारी है।



बंगाल चुनाव में हार के बाद ममता बनर्जी को लगा एक और तगड़ा झटका लगा है। कांग्रेस-लेफ्ट ने ममता बनर्जी को बड़ा झटका देते हुए राज्य में भाजपा के खिलाफ गठबंधन के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। कांग्रेस-लेफ्ट के इनकार के बाद पश्चिम बंगाल में विपक्षी एकता 'टांय टांय फिस्स' हो गया है। इससे एक बार फिर साबित हो गया कि इंडिया अलांयस में शामिल पार्टियों की कथनी और करनी में अंतर है। दरअसल पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली करारी शिकस्त के बाद राज्य में बीजेपी को घरने के लिए विपक्षी एकता को मजबूत बनाने के लिए कांग्रेस-लेफ्ट से समर्थन मांगा था। टीएमसी के समर्थन की मांग को कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) और कांग्रेस सहित अन्य सभी विपक्षी दलों ने नहीं कह दिया है। सीपीआई (एम) के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने शनिवार को बनर्जी द्वारा दिए गए प्रस्ताव के जवाब में कहा, "बिल्कुल नहीं। हम किसी भी अपराधी, जबरन वसूली करने वाले, भ्रष्ट और सांप्रदायिक व्यक्ति को स्वीकार नहीं करेंगे. हम जनता और हाशिए पर रहने वाली आबादी के साथ खड़े रहेंगे।

### 5 लाख की इनामी महिला माओवादी ने किया सरेंडर

**जगदलपुर,11 मई।** टूटे हुए नक्सल कैडर को फिर से एकजुट करने की नई साजिश नाकाम नजर आ रही है. छत्तीसगढ़ सीमा से लगे आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सिताराम राजू जिले में एक ईनामी महिला माओवादी ने मुख्यधारा की ओर कदम बढ़ाते हुए सरेंडर कर दिया. सरेंडर करने वाली महिला माओवादी पोडियम लक्ष्मी पर 5 लाख रुपए का इनाम घोषित है.लक्ष्मी बीजापुर जिले के उसुर थाना क्षेत्र की निवासी है. जानकारी के मुताबिक, इनामी माओवादी पोडियम लक्ष्मी लंबे वक्त से नक्सल संगठन के साथ जुड़ी हुई थी.

DKSZC के 2 सीआरसी पीएलजीए बटालियन सक्रीय सदस्य के रूप में लक्ष्मी लंबे समय से छत्तीसगढ़ आंध्र प्रदेश बॉर्डर में सक्रियता थी. सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर माओवादी पोडियम लक्ष्मी ने एटका पुलिस कैंप में अतिरिक्त पुलिस अध्यक्ष पंकज मीणा के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया. आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुनर्वास, रोजगार और सरकारी योजनाओ का लाभ दिया जाएगा. हाल में प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे निर्णायक अभियान और सरकार के राज्य से 'नक्सल सफाए' की आधिकारिक घोषणा के बाद नया मोड़ आया.

## चंबा में कार खाई में गिरी, 6 की मौत

**शिमला,11 मई।** हिमाचल प्रदेश के चंबा-नूरपुर नेशनल हाईवे पर आज (सोमवार को) सुबह सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। चंबा जिले के ककीरा स्थित घार क्षेत्र में सुबह करीब 3 बजे एक इनोवा क्रिस्टा कार अनियंत्रित होकर लगभग 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरी. इनमें 5 लोग गुजरात के रहने वाले हैं, जबकि एक हिमाचल का ड्राइवर था। वहीं, चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को टाडा मेडिकल कॉलेज कांगड़ा रेफर किया गया है। ककीरा के पास एक इनोवा क्रिस्टा कार अनियंत्रित होकर 300 मीटर गहरी खाई में गिर गई. पुलिस ने सभी शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है. हिमाचल प्रदेश के चंबा-नूरपुर नेशनल हाईवे पर सोमवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा हो गया. चंबा जिले के ककीरा स्थित घार क्षेत्र में सुबह करीब 3 बजे एक इनोवा क्रिस्टा कार अनियंत्रित होकर लगभग 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरी. इस दर्दनाक हादसे में वाहन में सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि चार लोगों को हेड-इंजिरी है.पुलिस के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त इनोवा क्रिस्टा गाड़ी में गुजरात के टूरिस्ट सवार थे. ये लोग मनाली से डलहौजी घूमने जा रहे थे. हादसे के वक्त क्षेत्र में भारी बारिश हो रही थी. गाड़ी में ड्राइवर समेत कुल 10 लोग सवार थे. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त वाहन (इनोवा क्रिस्टा) जिला मंडी के नंबर की बताई जा रही है. हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए. अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में शुरुआत में दिक्कतों का सामना करना पड़ा, लेकिन सूचना मिलते ही पुलिस टीम और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और राहत कार्य शुरू किया. खाई से सभी छह शवों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया गया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है.

## भिलाई और रिसाली में नहीं होगा पार्षद चुनाव

**रायपुर,11 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

**आचार संहिता भी खत्म, निर्वाचन आयोग में आई थी आपत्ति**

नगरीय निकायों के उपचुनाव को लेकर जारी प्रक्रिया के बीच बड़ा प्रशासनिक फैसला सामने आया है। राज्य निर्वाचन आयोग में दर्ज आपत्तियों के बाद नगर पालिक निगम भिलाई के एक और नगर निगम रिसाली के दो वार्डों में होने वाला पार्षद पद का उपचुनाव निरस्त कर दिया गया है। इस संबंध में दुर्ग कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) ने आदेश जारी कर निर्वाचन कार्यक्रम में संशोधन किया है। जारी आदेश के मुताबिक छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी पत्र के आधार पर पूर्व में घोषित उपचुनाव कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। आयोग ने परिसीमन और वार्ड संबंधी आपत्तियों पर विचार करने के बाद कुछ वार्डों में चुनाव प्रक्रिया रोकने का निर्णय लिया। इसके बाद जिला निर्वाचन कार्यालय ने भी संबंधित वार्डों में उपचुनाव की कार्रवाई समाप्त करने के आदेश जारी कर दिए। आदेश में साफ कहा गया है कि संशोधित निर्वाचन कार्यक्रम के तहत दुर्ग जिले के नगर पालिक निगम भिलाई और रिसाली में जिन वार्डों में उपचुनाव प्रस्तावित था, वहां अब चुनाव नहीं कराया जाएगा। इसके साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में लागू आदर्श आचार संहिता का प्रभाव भी तत्काल समाप्त कर दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक आयोग तक कुछ वार्डों की वैधानिक स्थिति, मतदाता सूची और निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर आपत्तियां पहुंची थीं। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने पूरे मामले की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान तकनीकी और प्रशासनिक बिंदुओं पर आपत्तियां सही पाए जाने के बाद उपचुनाव निरस्त करने का फैसला लिया गया। हालांकि आयोग की ओर से अब तक विस्तृत कारण सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। इस फैसले के बाद राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है। जिन वार्डों में चुनाव की तैयारी चल रही थी, वहां संभावित प्रत्याशियों ने प्रचार और संगठनात्मक गतिविधियां शुरू कर दी थीं। चुनाव निरस्त होने से अब राजनीतिक समीकरण भी बदल गए हैं। कई दावेदारों की तैयारियों पर अचानक ब्रेक लग गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय ने आदेश की प्रतिलिपि राज्य निर्वाचन आयोग, दुर्ग संभाग आयुक्त, पुलिस अधीक्षक, संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों और निगम प्रशासन को भेज दी है। प्रशासनिक स्तर पर भी संबंधित वार्डों में चुनावी प्रक्रिया से जुड़े निर्देश वापस लेने की कार्रवाई शुरू हो गई है।

## सारे पुरुष समाज का ठेका आपने ही उठा रखा है क्या?

**याचिका देख बरस पड़े सीजेआई सूर्यकांत**

**नई दिल्ली,11 मई।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता को आड़े हाथों लिया। सीजेआई सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने हिंदू मैरिज एक्ट की एक धारा को चुनौती देने वाले छात्र को फटकार लगाते हुए कहा कि जनहित याचिकाओं का इस्तेमाल निजी दुश्मनी निकालने नहीं होना चाहिए। सीजेआई ने उसे जुर्माना लगाने की चेतावनी भी दी। इससे पहले लॉ के एक स्टूडेंट जितेंद्र सिंह ने सुको में याचिका दायर कर हिंदू मैरिज एक्ट के उस प्रावधान की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत सिर्फ पत्नी को तलाक मांगने का विशेष अधिकार मिलता है। याचिका में हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13(2)(iii) को चुनौती दी गई थी। यह धारा पत्नी को यह अधिकार देती है कि अगर पति के खिलाफ गुजारा भत्ता का आदेश पारित होने के एक साल या उससे अधिक समय बाद भी साथ रहना शुरू नहीं हुआ है, तो वह तलाक की अर्जी दे सकती है। छात्र ने दलील दी कि इस प्रावधान को 'जेंडर न्यूट्रल' बनाया जाना चाहिए और यह अधिकार पुरुषों को भी मिलना चाहिए।इस पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्य बागची की पीठ ने छात्र को तगड़ी डांट पिलाई। सीजेआई ने सवाल उठाते हुए कहा, "आप कैसे प्रभावित हो रहे हैं? आपको क्या लगता है कि पूरे पुरुष वर्ग का प्रतिनिधित्व आप ही करते हैं?" सीजेआई ने आगे याचिकाकर्ता से पूछा कि वह इस प्रावधान से व्यक्तिगत रूप से कैसे प्रभावित है, तो छात्र ने स्वीकार किया कि वह पिछले 7-8 सालों से वैवाहिक मुकदमेबाजी में फंसा हुआ है। इस पर सीजेआई ने कहा, "आप इस पीआईएल से अपना निजी बदला लेना चाहते हैं। यही मैं आपसे कबूल करवाना चाहता था। हम आप पर जुर्माना क्यों न लगाएं? मुझे उम्मीद है कि आप कानून की पढ़ाई सिर्फ इसीलिए नहीं कर रहे हैं।"

वहीं जस्टिस जोयमाल्य बागची ने स्पष्ट किया कि सरकार को संविधान के तहत महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष प्रावधान बनाने की शक्ति मिली है। जस्टिस बागची ने याचिकाकर्ता से कहा, "अगर आप इस तरह के मामलों में पूरी तरह समानता चाहते हैं, तो आपको संविधान में संशोधन करवाना होगा। यह एक विशेष कानून है।"

## सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ, ये उपदेश नहीं नाकामी के सबूत हैं : राहुल गांधी

**नई दिल्ली,11 मई।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समझौता करने वाला बताया। उन्होंने लिखा, मोदी जी ने कल जनता से त्याग मांगे- सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ, खाद और खाने का तेल कम करो, मेट्रो में चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं- ये नाकामी के सबूत हैं। उन्होंने आगे लिखा, 12 साल में देश को इस मुकाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है- क्या खरीदे, क्या न खरीदे, कहां जाए, कहां न जाए। हर बार जिम्मेदारी जनता पर डाल देते हैं, ताकि खुद की जवाबदेही से बच निकलें। देश चलाना अब समझौता करने वाले प्रधानमंत्री के बस की बात नही प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था कि हर परिवार को खाने के तेल का इस्तेमाल कम करना चाहिए और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना चाहिए, ताकि विदेशी मुद्रा की बचत हो और पर्यावरण की रक्षा हो सके। प्रधानमंत्री सिकंदराबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कह कि खाने के तेल की खपत कम करने से लोगों की सेहत भी बेहतर होगी और देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा, खाने के तेल के



आयात पर देश को विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। अगर हर परिवार खाने के तेल का इस्तेमाल कम कर दे, तो यह देशभक्ति में बड़ा योगदान होगा। इससे देश के खजाने की सेहत भी सुधरेगी और परिवार के हर सदस्य की सेहत भी बेहतर होगी। उन्होंने रासायनिक खाद के आयात पर पड़ने वाले दबाव का भी जिक्र किया। प्रधानमत्री ने कहा कि भारत बड़ी मात्रा में विदेश से रासायनिक खाद खरीदता है। उन्होंने किसानों से इसके उपयोग को कम करने की अपील की। उन्होंने कहा, कृषि क्षेत्र में भी विदेशी मुद्रा खर्च होती है। हम विदेश से रासायनिक खाद आयात करते हैं। हमें इसका उपयोग आधा करना चाहिए और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना चाहिए। इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और हमारी जमीन व धरती माता भी सुरक्षित रहेंगी। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने देशभक्ति की नई परिभाषा भी दी और कहा कि हर भारतीय को आर्थिक मजबूती के लिए सामूहिक प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा, देशभक्ति सिर्फ सीमा पर जान देने तक सीमित नहीं है। आज के समय में देशभक्ति का मतलब है जिम्मेदारी से जीवन जीना और रोजमर्रा की जिंदगी में देश के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाना। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने की भी अपील की।

## राजधानी के ज्वेलरी शॉप में बड़ी चोरी



**रायपुर,11 मई**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में चोरों के हौंसले बुलंद हैं. चोरों ने शनिवार देर रात शंकर नगर के एक सर्राफा दुकान को निशाना बनाया. करीब 1 करोड़ रुपए की सोने-चांदी के जेवर चोरी हुई है. मामला खम्हारडीह थाना इलाके का है. जानकारी के मुताबिक, शंकर नगर स्थित लक्ष्य ज्वेलर्स में चोरों ने धावा बोला. शनिवार-रविवार की रात करीब 12:30 बजे अज्ञात चोरों ने दुकान में घुसकर सोने-चांदी के जेवर पर हाथ साफ किया. सोमवार सुबह जब कारोबारी दुकान पहुंचा तो होश उड़ गए. भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात की चोरी का पता चला. खम्हारडीह थाना में मामले की सूचना के बाद पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची. एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है. पुलिस ने दुकान और आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगालने की प्रकिया शुरू दी है. घटना के बाद सराफा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है. पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है.

# देश की प्रगति और एकता में क्षत्रिय कुर्मी समाज का सदैव रहा अविस्मरणीय योगदान :सीएम साय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,11 मई।** कबीरधाम जिले के डोंगरिया में आयोजित अखिल भारतीय क्षत्रिय कुर्मी समाज के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने रविवार को शामिल होकर समाज की एकता, संगठन और देश व प्रदेश के विकास में समाज की भूमिका और अविस्मरणीय योगदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि एक संगठित और मजबूत समाज से एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। कार्यक्रम में उन्होंने क्षेत्रवासियों को सिंचाई, सड़क और जलेश्वर महादेव विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात दी।इससे पूर्व उन्होंने जलेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि और शांति की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कुर्मी समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। छत्रपति शिवाजी और सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसी विभूतियां इस समाज से आती हैं। जिन्होंने देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। कुर्मी समाज एक प्रगतिशील और समृद्ध समाज है। खेती किसानी में भी समाज काफी आगे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया गया है। हम प्रदेशवासियों के लिए राम लला दर्शन योजना चला रहे हैं, अब तक 42 हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का पुनः प्रारंभ किया गया है। देश में 19 तीर्थ स्थल चिन्हित कर बड़े बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से आज इस भव्य सामाजिक आयोजन में शामिल होने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि समाज की शक्ति उसकी एकता और संगठन में निहित होती है तथा संगठित समाज ही निरंतर प्रगति करता है। उन्होंने कहा कि जिस समाज के प्रेरणास्रोत छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे महान व्यक्तित्व हों, वह समाज स्वाभाविक रूप से यशस्वी और गौरवशाली होता है। साथ ही सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे लौह पुरुष का आशीर्वाद और आदर्श भी समाज को प्रेरणा देते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि गांव-गांव में समाज के प्रतिभाशाली युवा और बच्चे मौजूद हैं। ऐसे सामाजिक आयोजनों के माध्यम से युवाओं को सही दिशा देने और उन्हें भटकाव से बचाने का कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुर्मी समाज मेहनतकश, उन्नत, समृद्ध और उच्च नैतिक मूल्यों को धारण करने वाला समाज है। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूक और संगठित समाज से अपेक्षा रहती है कि वह केवल अपने समाज ही नहीं, बल्कि सर्व समाज के लिए भी पथप्रदर्शक बनने का कार्य करे।पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि कुर्मी समाज एक मेहनतकश, कर्मशील और प्रगतिशील समाज है, जो खेती-किसानी, व्यवसाय, शिक्षा तथा प्रशासनिक सेवाओं सहित हर क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। समाज के लोग पूरी लगन, मेहनत और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आज समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। महिलाएं और माताएं भी शिक्षा, रोजगार, व्यवसाय और सामाजिक नेतृत्व के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही हैं तथा समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रही हैं। श्रीमती बोहरा ने कहा कि सामाजिक एकता और संगठन किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति होती है। जब समाज संगठित होकर कार्य करता है, तब विकास और प्रगति के नए रास्ते खुलते हैं और समाज मजबूत एवं सशक्त बनता है।अखिल भारतीय क्षत्रिय कुर्मी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सर्वेश कटियार ने कहा कि कुर्मी समाज एक मेहनती, जागरूक और संगठित समाज है, जिसकी संगठनात्मक परंपरा 132 वर्षों से भी अधिक पुरानी है। समाज ने अपनी मेहनत, एकता और सामाजिक मूल्यों के बल पर देशभर में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद से जहां-जहां कुर्मी समाज की सक्रिय भागीदारी रही है, वहां विकास और प्रगति को नई दिशा मिली है।

## एक नजर

### अवैध रूप से शराब बेच रहा युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 11 मई (तछसं.)।** पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सिरसाकला नहर पुलिया के पास एक व्यक्ति पिट्ठु बैग में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की तथा एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नरेश कुमार रात्रे (29 साल ) निवासी बाजार चौक देवबलौदा बताया। आरोपी के कब्जे से एक पिट्ठु बैग में रखे 30 पौवा अंग्रेजी गोवा शराब कुल 5.40 बल्क लीटर कीमत लगभग 3,000 रुपये बरामद किया गया पुलिस आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है ।

### 31 पौवा शराब सहित युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 11 मई (तछसं.)।** भिलाई अण्डा थाने पुलिस ने ग्राम अछोटी क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी के कब्जे से 31 पौवा देशी मसाला शराब बरामद की गई है जब्त शराब की कुल कीमत लगभग 3100 रुपये बताई गई है अण्डा प्रभारी पारस ठकुर ने बताया कि आज मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम अछोटी के राजा तालाब के पास एक व्यक्ति सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में अवैध शराब रखकर बिक्री करने की फिराक में है। सूचना मिलते ही थाना अण्डा पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पूना राम देशमुख (35 साल ) निवासी भाठापारा ग्राम अछोटी थाना अण्डा जिला दुर्ग बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास रखी सफेद प्लास्टिक बोरी से 31 पौवा देशी मसाला शराब (180 एमएल प्रत्येक) बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

### रक्तदान कर अविनाश गौर बिट्टू ने निभाया मानव सेवा का दायित्व

**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा के पार्षद अविनाश गौर बिट्टू ने एक बार फिर रक्तदान कर जनसेवा और मानवता का परिचय दिया। उन्होंने जरूरतमंद मरीज के लिए जिला अस्पताल पहुंचकर एक यूनिट रक्तदान किया तथा लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया।बताया गया कि यह रक्तदान हरख जैन पप्पू की विशेष प्रेरणा से किया गया। अविनाश गौर लंबे समय से जनजागरूकता एवं सामाजिक सेवा के कार्यों में सक्रिय हैं और समय-समय पर रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करते रहे हैं।

## कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर जयंती पर बांग्ला कैलेंडर पंचांग का विमोचन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 11 मई।** छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज के तत्वावधान में बांग्ला कैलेंडर पंचांग का प्रकाशन किया गया। बांग्ला तिथि 25 बैसाख, 9 मई को कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर बांग्ला कैलेंडर पंचांग 1433 का विमोचन भिलाई नगर सेक्टर-6 स्थित कालीबाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुमन शील एवं वरिष्ठ सलाहकार तपन सरकार की उपस्थिति में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने पंचांग का विमोचन किया। कार्यक्रम में कालीबाड़ी समिति के सुमित घोषाल, अजय मिश्र, समीर घोषाल, विश्वजीत दास, प्रसम दत्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नो पार्किंग में वाहन खड़े करने पर 58 लोगों का चालान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 11 मई।** भिलाई सुपेला संडे मार्केट, इंदिरा मार्केट और सिविक सेंटर क्षेत्र में यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कई वाहन चालकों और ठेला संचालकों पर सख्ती दिखाई। वहीं इंदिरा मार्केट एवं सिविक सेंटर क्षेत्र में नो पार्किंग उल्लंघन करने वाले 58 वाहन चालकों पर ई-चालान की कार्रवाई की है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि यातायात पुलिस दुर्ग ने अनावश्यक सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, आम नागरिकों की सुरक्षा एवं सड़क पर आवागमन करने वाले लोगों की सुविधा को देखते हुए शहर में विशेष यातायात अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। रविवार को सुपेला संडे मार्केट क्षेत्र में विशेष यातायात व्यवस्था अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क पर अव्यवस्थित रूप से ठेला एवं दुकान लगाने वाले संचालकों को सड़क खाली कराकर रोड किनारे उपलब्ध स्थान पर व्यवस्थित रूप से व्यवसाय करने निर्देशित किया गया। इससे आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी क्रम में गत रात्रि इंदिरा मार्केट एवं सिविक सेंटर क्षेत्र में सफेद लाइन के बाहर वाहन खड़ा कर यातायात बाधित करने वाले कुल 58 दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों पर नो पार्किंग धाराओं के तहत ई-चालान की कार्रवाई की गई। वर्ष 2026 में अब तक कुल 2529 वाहन चालकों पर नो पार्किंग की कार्रवाई की जा चुकी है

## आम्रपाली श्रीराम मंदिर में चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 11 मई।** गौरवपथ स्थित आम्रपाली वनांचल सिटी के श्रीराम मंदिर में रविवार से चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ प्रारंभ हो गया। यह धार्मिक आयोजन 11 मई से 14 मई तक वैदिक विधि-विधान के अनुसार संपन्न होगा। कार्यक्रम में मंदिर समिति एवं कॉलोनीवासी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। कॉलोनीवासी अशोक गोयल ने बताया कि अनुष्ठान के प्रथम दिन सोमवार को वैदिक पूजा, मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन, जलाधिवास, धान्याधिवास और शय्याधिवास सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। आगामी 12 और 13 मई को वेदी पूजन, मूर्ति संस्कार तथा अग्न्याधान जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। महोत्सव के अंतिम दिन 14 मई, गुरुवार को सुबह 7 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात मूर्ति भ्रमण एवं प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य अनुष्ठान संपन्न होगा। साथ ही यज्ञ, हवन और दोपहर 2 बजे महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार समस्त वैदिक अनुष्ठान वाराणसी के व्याकरणाचार्य पंडित ओमप्रकाश द्विवेदी के सानिध्य में संपन्न हो रहे हैं। प्रतिदिन शाम 7 बजे पूजा-आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण भी किया जा रहा है। आज के आयोजन में आम्रपली सोसाइटी के अध्यक्ष पी एस सिंह, अशोक गोयल, अंजू गोयल, नवल साहू, वीनू अग्रवाल, अवधेश सिंह, कपूर रणधीर, पात्रो, रोहित सहित मंदिर समिति से जुड़े लोग एवं श्रद्धालु जन परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त किये।

### चोरों के पकड़े जाने से बढ़ी श्रद्धालुओं की आस्था

इस आयोजन के बीच कॉलोनी वासियों के लिए एक दिलचस्प और राहत भरी घटना भी सामने आई। कुछ दिनों पहले कॉलोनी में चोरी की घटनाओं से रहवासियों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया था। लेकिन प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू होने से पहले ही चोरी करने वाले आरोपियों के पकड़े जाने से लोगों में खुशी और संतोष का वातावरण है। अध्यक्ष पीएस सिंह एवं अशोक गोयल के अनुसार रहवासियों ने इसे भगवान श्रीराम की कृपा और शुभ संकेत के रूप में देखा है।

## राष्ट्रगान का सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य : राजू गुप्ता

**भिलाई, 11 मई।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि राष्ट्रगान का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है और इस विषय में किसी को भी आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगान भारत की आजादी का अभिन्न अंग है तथा इससे देशवासियों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। राजू गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रगान देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। इसका सम्मान करने से देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीयता को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् से बड़ा कोई वंदन नहीं होता और मातृभूमि से बड़ा कोई चंदन नहीं होता। उन्होंने कहा कि ÷वंदे मातरम÷ राष्ट्रगीत और जन-गण-मन राष्ट्रगान, दोनों को समान रूप से सम्मान प्राप्त है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ये दोनों देशभक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण के सबसे सशक्त प्रतीक रहे हैं। यही कारण है कि देश की सांस्कृतिक विरासत और स्वतंत्रता आंदोलन के सम्मान स्वरूप इन्हें विशेष महत्व दिया गया है। राजू गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रगान सैनिकों और नागरिकों में देशभक्ति का जज़्बा पैदा करता है तथा जय हिंद के उद्घोष के साथ देश की रक्षा और सेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने सभी लोगों से समाज, मजहब और जाति से ऊपर उठकर राष्ट्रगान के प्रति सम्मान प्रकट करने और इसके दौरान खड़े होने की अपील की।

## खुर्सीपार समर कैंप का शुभारंभ, खिलाड़ियों ने ली खेल भावना की शपथ




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 11 मई।** खुर्सीपार श्रीराम चौक ग्राउंड में 10 मई को समर कैंप का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुमित सिंह के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। समर कैंप में खुर्सीपार, छावनी, बैकुंठधाम, जवाहर नगर, सेक्टर-1 सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैंप में क्रिकेट, योगा, कराते, बैडमिंटन, बॉक्सिंग और वॉलीबॉल जैसी खेल गतिविधियों में खिलाड़ी शामिल हुए। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों ने खेल भावना एवं अनुशासन की शपथ ली तथा गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सुमित सिंह, गुड्डू खान, डी. कामराजू, अजहर अली, शंकर राव, माधव सहित प्रशिक्षक नीरज चौधरी, जितेंद्र, चंदन शर्मा, वी.पी. सिंह एवं विमल उपस्थित रहे।

### 3 लाख की ठगी की जांच की जा रही

**भिलाई, 11 मई (तछसं.)।** भिलाई क्रेडिट कार्ड बंद कराने के नाम पर ओटीपी लेकर 3 लाख 46 हजार 444 रुपए की साइबर ठगी हुई है। मामले में पुलिस अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी देवेश कुमार (52 साल ) निवासी सेक्टर-7 सीएसईबी में असिस्टेंट ग्रेड-02 के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने थाना भिलाई नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 फरवरी की दोपहर करीब 12 बजे उन्हें एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाली महिला ने स्वयं को एचडीएफसी की कर्मचारी बताते हुए कहा कि उनका क्रेडिट कार्ड लंबे समय से सक्रिय नहीं है और उसे बंद करना है। शिकायतकर्ता के अनुसार क्रेडिट कार्ड बंद करने की प्रक्रिया बताकर उनके मोबाइल पर ओटीपी भेजे गए। महिला ने प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर कई बार ओटीपी मांगे। 17 फरवरी को उसी नंबर से फिर कॉल आया और क्रेडिट कार्ड ब्लॉक करने का हवाला देकर चार बार और ओटीपी लिया गया। इसके बाद कॉल करने वाले ने कहा कि कार्ड बंद करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है।

## समाचार संक्षेप

### राष्ट्रीय बजरंग दल एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की जिला बैठक संपन्न




**भिलाई, 11 मई।** राष्ट्रीय बजरंग दल एवं अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद की जिला स्तरीय बैठक 10 मई को आयोजित की गई। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया, जिसमें संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही जून माह में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्ग को लेकर भी चर्चा करते हुए उसकी तैयारियों एवं रूपरेखा पर विचार किया गया। कार्यक्रम में संगठन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सभी ने संगठन को मजबूत बनाने एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### भिलाई में 'अतिरिक्त सखी वन स्टॉप सेंटर' का शुभारंभ

**दुर्ग, 11 मई।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में भिलाई नगर में आज 'अतिरिक्त सखी वन स्टॉप सेंटर का भव्य शुभारंभ किया गया। इस सेंटर का उद्घाटन वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान विधायक श्री सेन ने कहा कि यह सेंटर भिलाई-दुर्ग क्षेत्र की महिलाओं के लिए सुरक्षा कवच का कार्य करेगा। अब किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन हिंसा या अन्य किसी भी संकट से पीड़ित महिला को भटकना नहीं पड़ेगा। समारोह में अवगत कराया गया कि 'सखी वन स्टॉप सेंटर' हिंसा से पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे पुलिस सहायता, कानूनी सलाह, चिकित्सा सहायता, मनोवैज्ञानिक परामर्श एवं 5 दिन तक का अस्थायी आश्रय उपलब्ध कराने हेतु स्थापित किया गया है। यहां हेल्पलाइन नंबर 181 से संपर्क कर सकते हैं।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की धर्मपत्नी गोमती मनु का निधन

**भिलाई, 11 मई।** मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ सदस्यों मरोदा सेक्टर निवासी वरिष्ठ साहित्यकार इंदुशंकर मनु, रुआबांधा सेक्टर निवासी पूर्व राज प्रधान रायपुर राज एवं पूर्व युवाध्यक्ष छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज इन्देन्दु शंकर मनु तथा हिंद नगर निवासी पूर्व अध्यक्ष मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज इन्द्रमौली शंकर मनु की माताश्री श्रीमती गोमती मनु का 100 वर्ष की आयु में रायपुर स्थित बालाजी हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामसिंह मनु की धर्मपत्नी थीं। अपने पीछे वे उच्च शिक्षित एवं संस्कारित छह पुत्र और एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार सोमवार 11 मई को दोपहर 12 बजे गृह ग्राम गिरौद में किया गया। समाजजनों एवं शुभचिंतकों ने श्रीमती गोमती मनु को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी पुण्य आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।



## ग्रामवासियों ने यूरोसेम कंपनी को पंचायत द्वारा प्रदत्त एनओसी को रद्द करने का बहुमत से निर्णय लिया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,11 मई।** क्षेत्र के ग्राम घुघुवा(क) में खुल रहे यूरोसेम कंपनी को ग्राम पंचायत द्वारा ग्रामवासियों को कोई भी जानकारी दिए बिना एन ओ सी अनापत्ति प्रमाण पत्र दिए जाने से आक्रोशित आशंकित ग्रामवासी यूरोसेम कंपनी संचालन से प्रभाव, लाभ, हानि, सुविधा, असुविधा, समस्या आदि के संबंध में पूरे गांव वालों से चर्चा हेतु ग्रामवासियों का बैठक रविवार 10 मई को सुबह बाजार चौक में संपन्न हुआ, पूर्व सूचना पर उपस्थित सैकड़ों लोगों ने ग्रामीणों के संभावित सभी समस्याओं को पर चर्चा करते हुए सरपंच, पंचगण सहित कंपनी संचालक के जवाब को सुना और अंत में मतदान कराए जाने पर बैठक में उपस्थित सभी लोग एकमत से फैक्ट्री बंद करने के पक्ष में मतदान किए। उपस्थित ग्रामीणों के बहुमत का निर्णय कंपनी नहीं खुलने दिए जाने का रहा जिसके बाद ग्राम पंचायत घुघुवा(क) की सरपंच द्वारा कंपनी के निर्माण कार्य को तत्काल नोटिस जारी कर रोक लगाने एवं पूर्व में प्रदत्त एन ओ सी को जल्द से जल्द ग्राम पंचायत द्वारा खारिज करने की प्रक्रिया किया जाने का विश्वास समस्त ग्रामवासियों को दिलाया गया है, किसी भी कारण से ग्राम पंचायत द्वारा उचित कार्रवाई नहीं किए जाने की स्थिति में ग्रामवासियों ने स्वयं उच्च स्तर पर विरोध किये जाने की बात कही है। इस बैठक में ग्राम के निवासी जनप्रतिनिधि प्रणव शर्मा, सरपंच शैलेन्द्री साहू, उपसरपंच शिवनारायण शर्मा, समस्त पंचगण, किसान प्रतिनिधि गंगा राम साहू, समाज प्रमुख रमेश यादव, शिक्षक सुरेश चतुर्वेदी, थानेश्वर साहू, प्रशांत शर्मा, अरविंद साहू, ठकेंद्र धनकर, लोकेश साहू, ललित सोनकर, श्यामकिशोर शर्मा, मोतीलाल देवांगन, कंपनी संचालक एवं समस्त ग्रामवासी परिवार बड़ी संख्या में उपस्थिति प्रदान किए।

## एम्स में नौकरी लगाने के नाम पर 14.50 लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 11 मई।** रायपुर एम्स में नौकरी लगाने का झांसा देकर 14.50 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को वैशाली नगर पुलिस ने उत्तरप्रदेश के लखनऊ से गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। साइबर तकनीकी सहायता से लोकेशन टेस होने के बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोचा वैशाली नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि प्रार्थी मुकेश कोसरे निवासी वृंदा नगर कैम्प.1 ने 13 जनवरी को थाना वैशाली नगर में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका कॉलेज मित्र अभिषेक जायसवाल स्वयं की बड़े अधिकारियों एवं प्रभावशाली व्यक्तियों से पहचान होना बताते हुए रायपुर एम्स में स्टाफनर्स के पद पर नौकरी लगाने का झांसा दिया। आरोपी ने नौकरी लगवाने केएवज में रकम की मांग की तथा ज्वाइनिंग लेटर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। प्रार्थी आरोपी के झांसे में आकर सितम्बर 2021 से 16 अक्टूबर 2022 के मध्य अपने एसबीआई खाते से अलग.अलग किश्तों में कुल 14 लाख 50 हजार रुपए आरोपी को प्रदान किया। इसके बाद आरोपी लगातार ज्वाइनिंग लेटर देने एवं राशि वापस करने के नाम पर टालमटोल करता रहा। बाद में आरोपी अपने निवास स्थान से फरार हो गया तथा प्रार्थी की राशि वापस नहीं की गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना वैशाली नगर में धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। साइबर सेल भिलाई की सहायता से आरोपी के मोबाइल नंबर एवं बैंक खातों का तकनीकी विश्लेषण किया गया। प्राप्त मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी के उत्तर प्रदेश के लखनऊ में होने की जानकारी मिली। पुलिस टीम गठित कर लखनऊ रवाना किया गयाए जहां से आरोपी अभिषेक जयसवाल 31 वर्ष निवासी सेक्टर.6 सड़क 12 मकान नंबर 05 को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर थाना वैशाली नगर लाया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**एक नजर**

### बंगाल में जीत के बाद देश के हर राज्य में जश्न : आशीष डोंगरे

**राजनांदगांव 11 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पश्चिम बंगाल चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी के शानदार प्रदर्शन और बड़ी जीत के बाद देशभर में उत्साह और जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए विभिन्न स्थानों पर खुशी जाहिर की। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री आशीष डोंगरे ने पश्चिम बंगाल चुनाव परिणामों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने इस बार के चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रचंड जीत हासिल की है। उन्होंने इसे पार्टी की नीतियों, नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम बताया। श्री डोंगरे ने कहा कि इस महत्वपूर्ण चुनावी सफलता के बाद देशभर में जश्न का माहौल है। पश्चिम बंगाल और असम में पार्टी मुख्यालयों पर कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर उत्सव मनाया जा रहा है। ढोल नगाड़ों की गूंज, मिठाइयों का वितरण और आतिशबाजी के साथ कार्यकर्ता अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह उत्साह केवल चुनावी राज्यों तक सीमित नहीं है बल्कि इसकी गूंज देश के अन्य हिस्सों में भी साफतौर पर सुनाई दे रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। जगह-जगह मिठाइयां बांटी जा रही हैं और पटाखे फोड़कर इस जीत का जश्न मनाया जा रहा है। श्री डोंगरे ने कहा कि यह जीत देश की जनता के विश्वास का प्रतीक है और आने वाले समय में भाजपा और अधिक मजबूती के साथ जनसेवा के कार्यों में जुटेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह जीत आगे और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरणा देता है।

### जिलाबदर शराब कोचिया पुलिस के हत्थे चढ़ा



**डोंगरगढ़ 11 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दबंग पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ केशरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस को आदतन शराब के बड़े कोचिया रवि शेंडे को 45 पौवा अंग्रेजी शराब सहित परिवहन में शामिल मोटरसाइकिल को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी में सामने आया कि 09 मई दिन शनिवार को डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिली कि भीमनगर निवासी रवि शेंडे अपनी मोटर सायकल टीवीएस राइडर क्रमांक छ्त्त 08 क्न्न 1509 में मेढ़ा भट्ठी से एक थैले में अत्यधिक मात्रा में शराब लेकर अवैध रूप से बिक्री हेतु अपने घर ला रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रज्ञागिरी जाने वाले तिराहा हनुमान मंदिर के पास ग्राम कुरभाठा में नाकाबंदी कर आरोपी रवि शेंडे को पकड़ा गया।आरोपी के कब्जे से 45 पाव गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब कुल मात्रा 8.100 बल्क लीटर कीमती 5,400/- रुपये एवं मोटर सायकल टीवीएस राइडर क्रमांक छ्त्त 08 क्न्न 1509 कीमती 1,00,000/- रुपये कुल जुमला कीमती 1,05,400/- रुपये जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध पूर्व में जिलाबदर की भी कार्यवाही की गई है और थाना डोंगरगढ़ में कई प्रकरण दर्ज होना पाया गया है।

# दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़/राजनांदगांव 11 मई।** छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन कालीन हड़ताल पर जाने से विभाग के समस्त कार्य ठप्प पड़ गए है जिससे विभाग की कार्यप्रणाली की वास्तविकता उजागर कर हो गई है। कुछ दिनों की हड़ताल ने यह साबित कर दिया है कि बीज निगम का अधिकांश कार्य दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के भरोसे ही संचालित होता आ रहा है। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के बाद प्रदेश भर के कई कार्यालयों में ताले लटकने की स्थिति बन गई है, जबकि स्थायी कर्मचारी व्यवस्था को संभालने में पूरी तरह असफल नजर आ रहे हैं। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर 30 अप्रैल 2026 को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की थी। इसके बाद 1 मई से 4 मई तक कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया, लेकिन प्रबंधन की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं होने पर 5 मई से राजधानी रायपुर के तुता धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी गई, जो लगातार जारी है। हड़ताल का सीधा असर बीज निगम के जमीनी कार्यों पर पड़ा है। बीज भंडारण, रखरखाव, लोडिंग-अनलोडिंग, बीज परिवहन और किसानों तक बीज पहुंचाने की प्रक्रिया लगभग ठप हो चुकी है। कई जिलों के गोदामों में काम बंद है और कार्यालयों में सन्नाटा पसरा हुआ है। कर्मचारियों का कहना है कि निगम में स्थायी अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या बेहद कम है। कई महत्वपूर्ण पद कृषि विभाग से प्रतिनियुक्ति पर आए अधिकारियों द्वारा संभाले जा रहे हैं। इसके बावजूद वर्षों से निगम का पूरा जमीनी कार्य दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी ही करते आ रहे हैं, लेकिन उनके योगदान को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है।

कर्मचारियों की पहली मांग अगस्त 2023 से मार्च 2024 तक लंबित श्रम सम्मान निधि की राशि जारी करने की है। वहीं दूसरी मांग आकस्मिक मृत्यु होने पर कर्मचारी के परिवार को 50 हजार रुपए अंतिम संस्कार सहायता राशि देने की है। संघ ने स्वर्गीय विनय कुमार निर्मलकर के परिवार को तत्काल सहायता राशि देने की मांग भी उठाई है।

हड़ताली कर्मचारियों ने निगम के प्रबंध संचालक पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार ज्ञापन सौंपने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। भुगतान रोके जाने के संबंध में जानकारी मांगने पर भी प्रबंधन की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द उनकी मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उनका कहना है कि वर्तमान हड़ताल ने साफ कर दिया है कि दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के बिना बीज निगम का संचालन संभव नहीं है।

# जलेश्वर महादेव धाम में मुख्यमंत्री साय ने किया जलाभिषेक:प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की

**क्षीरपानी मध्यम परियोजना के नहर विस्तार से सिंचाई क्षमता बढ़ेगी, किसानों को मिलेगा बड़ा लाभ**



**रायपुर, 11 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत डोंगरिया गांव पहुंचे, जहां उन्होंने प्रसिद्ध जलेश्वर महादेव धाम में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, विधायक पंडरिया श्रीमती भावना बोहरा, विधायक तखतपुर श्री धर्मजीत सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी और श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराएं हमारी पहचान हैं। ऐसे पवित्र धाम केवल आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने वाले प्रेरणा स्थल भी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार हेतु कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। उन्होंने क्षीरपानी जलाशय मध्यम परियोजना अंतर्गत 50 करोड़ की लागत से नहर विस्तारीकरण कार्य कराने की घोषणा की। इस परियोजना से लगभग 1100 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा और किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने जलेश्वर महादेव धाम के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा भी की। साथ ही उन्होंने खरहट्टा से डोंगरिया तक लगभग 2.5 किलोमीटर सड़क के उन्नयन कार्य की घोषणा करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में आवागमन अधिक सुगम और सुविधाजनक होगा।

उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले के डोंगरिया गांव स्थित जलेश्वर महादेव धाम स्थानीय श्रद्धालुओं के बीच अत्यंत पूजनीय स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। मान्यता है कि यहां स्थित शिवलिंग प्राकृतिक रूप से प्रकट हुआ है। प्राकृतिक सौंदर्य से घिरा यह शिवधाम विशेष रूप से सावन माह, सावन सोमवार और महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन जाता है। पहाड़ी और नदी-घाट के रमणीय वातावरण में स्थित यह धाम शिवभक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के लिए विशेष पहचान रखता है।

## समय पर संपत्ति कर भुगतान करें, पाएं छूट का लाभ : शिव वर्मा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 11 मई।** नगर पालिक निगम भाजपा के वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि वे वित्तीय वर्ष 2025ङ्ग26 के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर संपत्ति कर का भुगतान कर आकर्षक छूट का लाभ उठाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निगम द्वारा करदाताओं को राहत देने के उद्देश्य से चरणबद्ध छूट की व्यवस्था लागू की गई है। नगर निगम द्वारा संपत्ति कर निर्धारण के लिए वार्षिक किराया मूल्य के आधार पर नई दरें तय की गई हैं। शहर को अलग-अलग जोनों में विभाजित कर प्रति वर्गफुट वार्षिक दर निर्धारित की गई है। हालांकि, वर्ष 2024ङ्ग25 की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 137(1) के तहत एकमुश्त भुगतान करने वाले करदाताओं को निम्नानुसार छूट दी जाएगीः 1 अप्रैल 2025 से 31 जुलाई 2025 तक 6.25त्न छूट, 1 अगस्त 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक 4त्न छूट, 1 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक कोई छूट नहीं। निर्धारित समय के बाद बकाया कर पर 5त्न अतिरिक्त अधिभार लगाया जाएगा। करदाताओं को स्वनिर्धारण प्रपत्र भरने के लिए प्रति विवरणी ?500 शुल्क देना होगा, जो पूर्व की तरह ही लागू रहेगा। निर्धारित समय सीमा के भीतर कर जमा नहीं करने पर अतिरिक्त अधिभार लागू होगा तथा उपकर भी पूर्ववत जोड़ा जाएगा, इसलिए समय पर भुगतान करना आर्थिक रूप से फायदेमंद रहेगा। नगर निगम ने कर निर्धारण के लिए शहर को विभिन्न जोनों में बांटा है, जिनमें प्रमुख क्षेत्र शामिल हैंः गुडाखू लाइन, रामाधीन मार्ग, कामठी लाइन, गंज लाइन, सदर बाजार, हलवाई लाइन, गोल बाजार, जय स्तंभ चौक, हॉस्पिटल रोड, मानव मंदिर चौक, गौशाला पारा, हमालपारा, जीई रोड (स्टेडियम चौक से ट्रांसपोर्ट नगर तक)। इन क्षेत्रों के अनुसार अलग-अलग दरें निर्धारित की गई हैं। पार्षद शिव वर्मा ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और जल्द से जल्द संपत्ति कर जमा कर छूट का अधिकतम लाभ लें। इससे न केवल व्यक्तिगत बचत होगी, बल्कि शहर के विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। समय पर संपत्ति कर भुगतान करना न केवल जिम्मेदार नागरिक होने का संकेत है, बल्कि यह आर्थिक रूप से भी लाभकारी है। नगर निगम की इस पहल का लाभ उठाकर नागरिक अपने पैसे भी बचा सकते हैं और शहर के विकास में योगदान भी दे सकते हैं।

## तिल्दा नेवरा के विकास को नई गति दे रहे मंत्री टंकराम वर्मा:पं. नरेंद्र मालूराम शर्मा

**तिल्दा नेवरा 11 मई।** छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा तिल्दा ब्लॉक एवं नगर क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों को गति दी जा रही है। मंत्री बनने से पहले भी उन्होंने क्षेत्र में स्कूल निर्माण सहित अनेक जनहित कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया था और अब मंत्री पद संभालने के बाद विकास कार्यों की रफ्तार और तेज हुई है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं बीएनबी के शाला विकास समिति अध्यक्ष एव लोकतंत्र प्रहरी के प्रदेश महामंत्री पंडित नरेंद्र मालूराम शर्मा ने कहा कि तिल्दा नेवरा क्षेत्र लंबे समय तक विकास की दृष्टि से पिछड़ा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों एवं कांग्रेस विधायकों के कार्यकाल में विकास की गति अपेक्षाकृत धीमी रही। उन्होंने कहा कि मंत्री टंक राम वर्मा के नेतृत्व में तिल्दा ब्लॉक के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, सिंचाई और आधारभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्कूलों में प्रार्थना शेड, आहाता निर्माण, शौचालय, अतिरिक्त कक्ष एवं नए स्कूल भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही स्टेडियम, खेल मैदान, स्वास्थ्य सुविधाओं, सिंचाई योजनाओं और सड़क निर्माण कार्यों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। श्री शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की निरंतर स्वीकृति मिल रही है तथा तिल्दा नेवरा नगर पालिका क्षेत्र में भी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य जारी है।



उनके अनुसार मंत्री टंक राम वर्मा क्षेत्र के पार्षदों, सरपंचों और जनप्रतिनिधियों से लगातार मुलाकात कर विकास की संभावनाओं पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री के मन में तिल्दा नेवरा नगर एवं ग्रामीण अंचलों को विकसित और आधुनिक बनाने का स्पष्ट विजन है तथा विकसित भारत की परिकल्पना में तिल्दा नेवरा की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। श्री शर्मा ने मंत्री की आलोचना करने वालों को भी जवाब देते हुए कहा कि क्षेत्र में जिस प्रकार लगातार विकास कार्यों की स्वीकृति और क्रियान्वयन हो रहा है, उससे जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है और आने वाले समय में तिल्दा नेवरा विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

## 3 शराब कोचियों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 मई।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में जिले में अवैध गतिविधियों, विशेषकर मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब बिक्री एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बसंतपुर प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में दिनांक 09 मई 2026 को प्राप्त सूचना के आधार पर पृथक-पृथक टीम गठित कर आरोपी 01. विकास नेताम, 02. मोहसीन खान एवं 03. टेकूराम सिन्हा को अवैध रूप से शराब परिवहन एवं बिक्री करते पाए जाने पर तीनों आरोपीगणों के कब्जे से पृथक-पृथक स्थानों से कुल 72 पौवा देशी प्लेन शराब, जुमला 12.96 बल्क लीटर, बिक्री रकम 400/- रुपये एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल होंडा साइन क्रमांक छ्त्त 04 चङ्क 2976 जुमला अनुमानित कीमती 31,600/- रुपये जप्त किया गया।आरोपीगणों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही की गई तथा आबकारी एक्ट 34(2) के आरोपी विकास नेताम को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। इसी कड़ी में सूचना प्राप्त हुई कि कमलेश कुमार गुप्ता पिता स्व. सुरेश कुमार गुप्ता, उम्र 52 वर्ष, निवासी नंदई चौक, थाना बसंतपुर, अपने किराना स्टोर्स में जर्दा युक्त गुटखा बिक्री कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अनावेदक के कब्जे से 04 पैकेट राजश्री, 04 पैकेट पान राज तथा 04 पैकेट सितार जर्दा युक्त गुटखा जप्त कर उसके विरुद्ध कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री तथा जर्दा युक्त गुटखा बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार कड़ी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, उनि. नरेश सार्वा, इब्राहिम खान, म.प्र.आर. मेनका साहू, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, कुश बघेल, राजेश बंदेश्वर एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

## शिविर में फ्लोरोसिसि के प्रति लोगों को किया जागरूक



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 11 मई।** विकासखंड तिल्दा अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर बेलदरसिवनी में फ्लोरोसिस जागरूकता एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर खंड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य आमजन को फ्लोरोसिस बीमारी के प्रति जागरूक करना, संभावित मरीजों की पहचान करना तथा समय पर उपचार एवं बचाव संबंधी जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में चिरायु टीम का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर के दौरान उपस्थित दंत चिकित्सक एवं डेंटल असिस्टेंट द्वारा ग्रामीणों एवं संभावित मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के दौरान दांतों एवं हड्डियों पर फ्लोराइड के दुष्प्रभाव संबंधी लक्षणों की पहचान कर आवश्यक परामर्श दिया गया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उपस्थित लोगों को फ्लोरोसिस के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बताया गया कि अधिक फ्लोराइड युक्त पानी के लगातार सेवन से दांतों में पीलापन, दाग, कमजोरी तथा हड्डियों एवं जोड़ों में दर्द जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसके बचाव हेतु स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल का उपयोग करने, संतुलित आहार लेने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी गई। शिविर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से जागरूक करते हुए फ्लोरोसिस से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, चिरायु टीम एवं स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। खंड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के सहयोग से यह जागरूकता एवं परीक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### संयुक्त जांच टीम ने 1500 नग विभिन्न फ्लेवर की आइस कैंडी को किया नष्ट

**बलौदाबाजार,11 मई।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार सही दवा शुद्ध आहार यही छतीसगढ़ का आधार अभियान के तहत् खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा जिले में जांच अभियान चलाया जा रहा हैं। लेबलिंग नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर लगभग 1500 नग विभिन्न फ्लेवर के आइस कैंडी को नष्ट करवाया गया। जांच टीम द्वारा शनिवार को महामाया पान मसाला भाटापारा, जय मां अम्बे आइस कैंडी सेल्स भाटापारा, गुप्ता किराना स्टोर तरेंगा, गुलाब फैमिली ढाबा लिमतरा, आनंद फैमिली रेस्टोरेंट लिमतरा, गो हाईवे रेस्टोरेंट चंदेरी, चूल्हा चौकी रेस्टोरेंट चंदेरी का निरीक्षण किया गया। गुप्ता किराना स्टोर तरेंगा में लेबलिंग नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर लगभग 1500 नग विभिन्न फ्लेवर के आइस कैंडी को नष्ट करवाया गया।

**महापौर ने मदर-डे की बधाई देकर गीला-सूखा कचरा अलग-अलग देने महिलाओ से की अपील**

# मस्ती की पाठशाला के लिए अल सुबह से बच्चों व युवाओं में उत्साह

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 11 मई।** मस्ती की पाठशाला में अल सुबह से ही उत्साह का महौल देखने को मिला, जहॉ बच्चे व युवा बडी संख्या में पहुॅचकर विभिन्न पारंपरिक खेलो, के साथ साथ जुम्बा डांस का मजा लिये। इस अवसर पर महापौर श्री मधुसूदन यादव ने उपस्थित महिलाओ को मदर डे की बधाई देते हुए कहा कि घर ही पहली पाठशाला होती है, जहॉ मॉ अपने बच्चो को कायदे कानून एवं संस्कार की शिक्षा देती है। उन्होने आज के इस शुभ अवसर पर महिलाओ से अपील करते हुए कहा कि घर में ही कचरा पृथक कर गिला व सुखा कचरा अलग अलग डिब्बा में रख स्वच्छता दीदीयो को देवे, नगर निगम द्वारा घर घर डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है। डस्टबिन का उपयोग करे एवं अपने घर के आस पास स्वच्छता बनाए रखे।

महापौर श्री यादव ने कहा कि मस्ती की पाठशाला में उत्साह से बच्चे एवं युवा सुबह से ही पहुॅचे है, और आनंद ले रहे है। उन्होंने कहा कि रोज मॉ अपने बच्चो को सुबह उठाती है, लेकिन आज का महौल देख के ऐसा लग रहा है कि बच्चे सुबह से ही अपने माता पिता को उठाकर पाठशाला में लेकर आए है। आज पाठशाला में सबसे मिलने से पाठशाला के संबंध में लोगो ने अपनी राय एव सलाह दी है, जिसपर अमलकर अगले सप्ताह व्यवस्था दुरूस्त करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न संस्थाओ के सहयोग से कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है और भी लोग पाठशाला से जुड रहे है, जिससे अगामी सप्ताह में और अच्छा पाठशाला आयोजित होगी।

पाठशाला का शुभारंभ योगा से हुआ जिसमें पतंजली भारत स्वाभिमान न्यास राजनांदगांव के योगा के बच्चो ने योग का प्रदर्शन कर योग के लिए प्रेरित किया। चौपाटी के अंदर एवं बाहर विभिन्न खेल संचालित किया गया, जिसमें बच्चो एवं युवाओ ने तीरंदाजी, बेडमिंटन, कराटे व साप-सीढ़ी, पिट्ठुल खेल खेले, वही नन्हे मुन्ने बच्चो ने छोटे छोटे खेलो में हिस्सा लेकर झुला, फिसल पट्टी आदि का आनंद लिए। साथ ही बडी संख्या में बच्चो ने चित्रकारी में भाग लेकर कला का प्रदर्शन किए। महापौर ने निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा एंव पार्षदो के साथ सभी बच्चो से मिल उनका उत्साह वर्धन किया।

इसके अलावा सभी लोगो ने बडी संख्या में उपस्थित होकर पाठशाला में पूरे समय चौपाटी के सामने बाडी टेक जीम व रीदम रिवाल्युसन ग्रुप के बच्चो के साथ संगीतमय जुम्बा डॉस किये। आज की पाठशाला में बाईक कम्पनी इंडियन टी.वी.एस. द्वारा विभिन्न खेलो में विजयी बच्चों को पुरूस्कार दिया गया, वही उन्होंने संगीत में समा बाधा जहॉ महापौर श्री यादव एवं पार्षद श्री मनोहर यादव ने भी गीत की प्रस्तुति दी। आज की पाठशाला को सफल बनाने में पतंजली योग समिति, बाडी टेक जीम,रीदम रिवाल्युसन ग्रुप, इंडियन टी.वी.एस कम्पनी, ब्लड डोनेड संघ, यामिनी कला केन्द्र, राजनांदगांव रनर ग्रुप, के अलावा खेल जगत से हॉकी, कराटे, तीरंदाजी आदि संघो की विशेष भूमिका रही। पाठशाला में निगम के अधिकारी, कर्मचारी व्यवस्था में लगे रहे तथा पार्षदो सहित बच्चे, युवा एवं बुजुर्गो ने परिवार सहित बड़ी संख्या में उत्साह से भाग लिये।

## जब जनता चाहती है तो बड़ी सफलता मिलती है

पं. बंगाल में सुवेंदु अधिकारी के सीएम पद की शपथ लेने के साथ ही राजनीति का एक नया युग शुरू हुआ है।पीएम मोदी व अमित शाह के 15 साल के अथक मेहनत का नतीजा है। इस ऐतिहासिक काम को करने के लिए बहुत शक्ति की जरूरत होती है। जिस नेता को यह शक्ति जनता व कार्यकर्ता से मिलती है वही ऐसा ऐतिहासिक काम कर सकता है। पीएम मोदी व अमित शाह ने जनता से जितनी शक्ति की जरूरत थी, पं.बंगाल की जनता ने दी। पीएम मोदी व शाह को दल के नेताओं व कार्यकर्ताओं से जितनी शक्ति की जरूरत थी, उतनी पूरे देश के भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने दी है। जब पार्टी के नेता व कार्यकर्ता पार्टी के काम को अपना काम समझ कर करते हैं तो उस पार्टी को बड़ी से बड़ी सफलताएं मिलती हैं भले ही इसमें समय लगता है लगता है लेकिन जब सफलता मिलती है तो सभी को हैरानी होती है कि इतनी बड़ी सफलता भाजपा को कैसे मिल गई। पीएम मोदी व शाह ने ऐसा क्या किया है कि उनको अपेक्षित सफलता मिल जाती है। देश के तमाम राजनीतिक दलों को पीएम मोदी व शाह से सीखना चाहिए कि जिनसे राजनीतिक दल के नेताओं को शक्ति मिलती है, उसका सम्मान कैसे किया जाना चाहिए। जब भी भाजपा को चुनाव में सफलता मिलती है तो पीएम मोदी इस अवसर पर उनको शक्ति देने वाले नेताओं व कार्यकर्ताओं का सम्मान उनके सामने पूरी तरह झुककर करते हैं। इस देश में पीएम मोदी की तरह जनता के सम्मान और कार्यकर्ताओं के सम्मान में घुटनों टेककर प्रणाम करने वाला नेता नहीं हुआ है। कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में देश के लोगों ने फिर देखा कि पीएम मोदी ने कोलकाता की जनता व तमाम नेताओं व कार्यकर्ताओं को घुटने टेककर प्रणाम किया। यह सम्मान उस शक्ति का जिससे नेता को हर सफलता मिलती है। नेता जैसी सफलता चाहता है, वैसी सफलता तब ही मिलती है जब जनता व कार्यकर्ता उसकी शक्ति होते हैं। कहने को जनता के सामने हाथ तो सभी नेता जोड़ते हैं लेकिन इससे जनता को लगता नहीं है कि नेता उसका सम्मान कर रहा है। जनता व कार्यकर्ता को लगता है कि ऐसा करना मजबूरी है इसलिए नेता ऐसा करते हैं। जनता व कार्यकर्ता को तब लगता है कोई उसका सम्मान कर रहा है जब पूरी तरह और पूरे मन से उसके सामने झुकता है। जनता के सामने जो झुकता है, जनता उसे सफल होने का बार बार आशीर्वाद देती है क्योंकि वह जानती है कि जो उसके सामने झुका है, वह किसी मजबूरी में नहीं झुका है, वह उसका सम्मान करता है, उसके लिए काम करना चाहता है, इसलिए झुका है तो जनता भी ऐसे नेता का सम्मान करती है। हर राजनीतिक दल के कार्यकर्ता अपने दल व नेताओं के लिए बलिदान देते हैं लेकिन पीएम मोदी व शाह ऐतिहासिक सफलता के दिन ऐसे नेताओं व कार्यकर्ताओं को याद करते हैं तो यह सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान होता है और कार्यकर्ताओं को भी लगता है कि वाकई में कार्यकर्ताओं का सम्मान हुआ भी है। कोलकाता में भाजपा के बलिदानी कार्यकर्ताओं को श्रध्दांजलि देना इसी तरह का सम्मान था, सबसे बुजुर्ग नेता का स्टेज पर झुककर पैर छूना इसी तरह का सम्मान था। पीएम मोदी से भाजपा व सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को सीखना चाहिए कि जिनके कारण ऐतिहासिक सफलता मिलती है उनका सम्मान पूरी तरह झुककर करना चाहिए। तब ही उनको और देश के लोगों को लगता है कि उनका सम्मान हुआ है। जब कोई जनता व कार्यकर्ताओं का पूरी तरह झुककर सम्मान करता है तो जनता व कार्यकर्ता भी उस नेता का दिल से सम्मान करते हैं और ऐसे नेता की लोकप्रियता इसीलिए कभी कम नहीं होती है क्योंकि वह जनता का सम्मान करता है और जनता उसका सम्मान करती है। सम्मान देने पर ही सम्मान मिलता है जनता का सम्मान करने वाले को ही जनता सफल बनाती है। किसी नेता की सफलता ही पता चलता है कि जनता उसका कितना सम्मान करती है।

**विश्व अहंकार जागरूकता दिवस विशेष**

# जीवन का सुख-चैन छीनता अहंकार

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

भले ही हमने शारीरिक रूप से मानवी देह पाया है, लेकिन क्या हम इंसान है या इंसान कहलाने के पात्र है? आज के दौर में इंसान बनकर जीने वाले दुर्लभ होते जा रहे हैं। आइये पहले हम स्वयं से जानते है कि, इंसान किन्हें कहते हैं। दूसरों की खुशी में खुश होना, दूसरों के दुःख में दर्द महसूस होना, दूसरों भावनाओं को समझना, उसकी कद्र करना। अपने स्वार्थ को दूर रखकर हमेशा दूसरों के भलाई का ख्याल करना। देश और समाज के विकास के लिए तत्पर रहना, यथोचित हर संभव मदद करना, मानव कल्याण का जज्बा बनाये रखना। झूठे दिखावे से बचना, लोगों से ईर्ष्या भाव न करना। प्रकृति, पशु-पक्षियों और जंगल की रक्षा करना। जाती, धर्म, लिंग, क्षेत्र, भाषा, रंगरूप पर आधारित भेदभाव को न मानकर समस्त मानवी समाज को एक स्तर पर मानकर मानवी सेवा विकास को सर्वोपरि मानना। कथनी-करनी में अंतर न करना। नशाखोरी, भ्रष्टाचार, चरित्रहीन व्यवहार, अन्यों से दुर्व्यवहार, अपराध, भेदभाव से अलिप्त होकर सत्कर्मों को ही हमेशा प्राथमिकता देना। यह सभी इंसानियत की विशेषता है, जो इंसानो में होनी चाहिए। अगर ये सभी विशेषता हम में है, तो हम इंसान है, वर्ना जानवरों को भी लज्जित कर दे, ऐसे घृणात्मक कलंकित करनेवाली दुःखद घटनाएं तो हमारे आसपास रोजाना होती ही है और हम आँखे मूंदकर बुजदिल की जिंदगी काटते हैं।



हमारे आसपास के इस कलह भरे वातावरण में हर कोई झूट का मुखौटा पहनकर खुद को इंसान दिखाने का प्रयत्न कर रहा है और यही वातावरण अहंकार की भेट चढ़कर जीवन का सुकून छीन रहा हैं। आज रिश्ते-नाते, शादियां तोड़ने में अहंकार मुख्य भूमिका में हैं। दुनिया को बताने के लिए कारण कुछ भी बताये लेकिन आज विभिन्न देशों में चल रहे युद्ध का कारण अहंकार भी है, जिससे बड़ी मात्रा में मासूमों की जान जा रही है, पर्यावरण, धन का अपव्यय हो रहा है और पूरी दुनिया पर इसका गंभीर असर हो रहा हैं। अनेक बार रिश्तेदार, आस-पडोसी, परिचित अहंकार के कारण जिंदगी भर बात नहीं करते, उससे ज़िंदगी में क्या हासिल हो जाता है, पता नहीं। क्या आप जानते है कि, जब भी हम क्रोध, चिढ़, ईर्ष्या, तनाव या बुरे विचारों से भर उठते है, तब उसका सीधा असर हमारे खुद के ही स्वास्थ्य पर गंभीर असर करता है, अर्थात दूसरों पर गुस्सा करना हमारे जान को जोखिम में डालता हैं। आजकल तो नाम के लिए या दिखावे के लिए हम खूब आधुनिक होने का दम भरते है, लेकिन विचारों और संस्कारों से हम लगातार पिछड़ते ही जा रहे हैं। राह चलते हुए गलती से किसी को धक्का भी लग जाये तो, इंसानियत दिखाने के बजाय गालीगलौच, धमकी, धौस दिखाकर खुद के वर्चस्व को साबित करने की होड़ लग जाती है फिर बात मारपीट और कई बार हत्या तक पहुंच जाती हैं। हमारे रिश्ते-नाते, आस-पड़ोस या परिचित में किसी के घर कोई खुशखबर हो तो हम मन के मन में जलन से भरते है, लोगों की मेहनत को नजरअंदाज करके खुद की किस्मत को कोंसते है, कि दूसरों के साथ क्यों अच्छा होता है, हमारे साथ क्यों नहीं। झूठा दिखावा और खुद का स्टैंडर्ड ऊंचा दिखाने के चक्कर में अक्सर बर्बादी के मुहाने में पहुँच जाते है, ये आज के समाज का घिनौना सच हैं। मनुष्य का अहंकार उसका सुख-चैन छीन लेता है और सुंदर शांत जीवन का मार्ग दुर्गम बना देता हैं। अहंकार मनुष्य के जीवन को विनाश की ओर धकेलता है, जैसे मनुष्य खुद ही अपनी मौत के लिए चिता सजा रहा हैं। हमारे आसपास बहुत से बुरे घटनाओं से अनगिनत लोगों के दुःखद अंत की खबरें हमें झंझोड़ देती है, उदाहरण के लिए आज बहुत से अभिभावक बच्चों को विदेश भेजते है या बड़े शहरों में भेजते है और अहंकार से गर्वित होते है कि उनके बच्चे विदेशों में स्थायिक हो चुके है, परंतु अनेक बार ये ही बूढ़े माँ-बाप मर भी जाते है, फिर भी उनके बच्चे अंतिम संस्कार में उपस्थिति दर्शाना भी मुनासिब नहीं समझते, ये हमारे समाज की कड़वी सच्चाई हैं। दुनिया भर में हजारों ऐसे महान शख्सियत है जो नाम, शोहरत, रुतबा, पैसा होने के बावजूद सरल और सादगी पसंद जीवन यापन करते हैं, अनेक महान लोग दुनिया से चले जाने के बाद उनकी जिंदगीभर की कमाई में केवल कुछ जोड़ी कपड़े और किताबों का संग्रह देखने मिलता है, थोड़ी-बहुत संपत्ति होती भी है तो वे उसे दान कर चुके होते है, जबकि वे चाहते तो करोडो, अरबों रुपयों की संपत्ति बना सकते थे, लेकिन तब वे शायद अपने कर्मों से महान नहीं बन पाते।




अहंकार अक्सर हमारी झूठी आत्म-छवि को बचाने के लिए असलियत को तोड़-मरोड़ देता है, जिससे गलतियाँ मानना या आलोचना स्वीकार करना मुश्किल हो जाता है, अहंकार अगर हावी हो जाये तो खुद को सही साबित करने में लग जाते है, जिससे टकराव उत्पन्न होता हैं। अहंकार में मनुष्य खुद को महान या सर्वगुण संपन्न समझता है जिससे दूसरों के प्रति हीन भावना उत्पन्न होती हैं। अहंकार हमें दूसरों की राय और भौतिक सफलता की बहुत ज़्यादा परवाह करने पर मजबूर करता है, जिससे हमें चिंता और नाखुशी होती है, जीवन में उदासी छाती हैं। इससे लोग अच्छा करने के बजाय अच्छा दिखने को या शॉर्टकट लेने को प्राथमिकता देना पसंद करते हैं। अहंकार ज़िंदगी पर गहरा असर डालता है, बढ़ा हुआ अहंकार कुछ नया सीखने में रुकावट डालता है, हार होने के डर से विकास को रोकता है, और लगातार अन्यों से तुलना करके दुखी महसूस करता है, जबकि हमारे नियंत्रण में अहंकार हो तो अपनी शान बढ़ाने के बजाय हम खुद को बेहतर बनाने की कोशिश पर ध्यान केंद्रित करते है, जिससे समायोजित करने की क्षमता, गहरे रिश्ते और उत्पादकता बढ़ती हैं। खुद को समझने के लिए अपने कार्य, व्यवहार, स्वभाव और इसका अन्यों पर असर इन सभी बातों का आत्मचिंतन करना बहुत जरुरी है, खुद का विश्लेषण करने के लिए समय निकालें और उन क्षेत्रों की पहचान करें जहाँ हमारा अहंकार हमारे निर्णयों और बातचीत को प्रभावित कर रहा हो। जीवन में सबसे जरूरी शुद्ध हवा, स्वच्छ जल, पोषक आहार है, और मन को संतोष है तो जीवन सुख से बीतता है, लेकिन लोग इसे प्राथमिकता देने के बजाय अहंकार, झूठा दिखावा और घमंड में सुकून खो बैठते हैं। लोग आज के दौर में, घर के आगे कोई पेड़ हो तो उसे काटकर वहां अतिक्रमण करना चाहते है, ताकि घर का दायरा बढ़ाया जा सकें, लेकिन ऐसी सोच ने पुरे देश में तापमान बढ़ाया है, यह किसी को नजर नहीं आता, हर कोई स्वार्थ के लिए जीते हुए प्रतीत होता हैं। स्वार्थ से अपना ध्यान हटाकर समाधानी सोच अपनायें। विनम्रता और सीखना अपनाएँ, मानें कि हमको सब कुछ नहीं पता। सफलता के लिए नतीजों पर नहीं, कोशिश पर ध्यान दें। "मैं हमेशा ही सही हूँ" वाली सोच छोड़ दें। अपना ध्यान अपनी चिंताओं से हटाकर दूसरों की सेवा करने पर लगाएँ, सत्कर्म करें। रोजाना ध्यान, योग या शांत सोच-विचार के लिए समय निकालें। अच्छे विचारों के लोगों से जुड़े, हेल्दी हॉबी अपनाएं, प्रकृति की रक्षा प्रत्येक की जिम्मेदारी समझें। महान समाजसुधारकों के आदर्श, सोच को जीवन में अपनाएं। अच्छे काम करने का सुकून दुनिया में बेशकीमती है, छोटी सी जिंदगी है इसे तनावमुक्त रहकर हंसते मुस्कुराते हुए बिताएं।

**"अहंकार एक धीमा जहर है, जो इंसान के गुणों को मार देता हैं।"**

## आज का राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। आज खर्चो के मामले में ज्यादा दरियादिली ना रखें और ना ही दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करें। आज बच्चे अपने मन की बात आपसे शेयर कर सकते हैं।

वृष राशिः वषभ राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज नकारात्मक विचारों से बचने की कोशिश करें। आज आपको अच्छी खबर मिल सकती है। रोजगार के मामले में किसी से सलाह लेंगे। अपने स्वभाव में संतुलन बनाए रखें आपके सभी काम बनेंगे अधिक क्रोध करने से बचें।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन बेहद खास होने वाला है। परिवार में किसी खास रिश्तेदार के आने से खुशी का माहौल बनेगा। दोस्तों और परिवार के साथ व्यस्त रहेंगे। आज बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। आज कुछ नए काम भी अचानक सामने आ सकते हैं।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज राह चलते किसी अनजान व्यक्ति से बेवजह उलझने से बचें। इससे आपका ही समय बचेगा। अपनी स्थिति और योग्यता के हिसाब से ही काम करेंगे तो समाज में सम्मान मिलेगा।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। नौकरी पेशा वाले लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुड़ी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। आज अपने विचारों को लेकर आप थोड़े जज्बाती भी हो सकते हैं। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। मित्रों से मिलने उनके घर जा सकते हैं। आपकी दोस्ती और भी मजबूत होगी।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप अपने कार्यों पर ज्यादा ध्यान देंगे। जहां तक हो सके, सकारात्मक और कॉन्फिडेंट रहें। आपके जरूरी कामकाज आज पूरे होंगे। रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आस-पास के लोगों से कुछ नई बात सीखेंगे।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज का दिन ठीक रहने वाला है। आज घर में रिश्तेदारों के आगमन से उत्सव भरा माहौल रहेगा। आज हर काम को योजनाबद्ध तरीके से करना तथा एकाग्र चित्त रहना आपको सफलता प्रदान करेगा। निवेश संबंधी महत्वपूर्ण योजनाएं भी सफल होंगी।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन जोश से भरा रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में लोगों से पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आज इनकम के नए रास्ते खुलेंगे। बच्चे माता-पिता के साथ मंदिर जाएंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। आपकी अधूरी इच्छाएं पूरी हो सकती हैं।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आपके खास काम मन मुताबिक तरीके से बनने वाले हैं, इसलिए मेहनत में बिल्कुल भी कमी ना करें। आज रोचक तथा ज्ञानवर्धक किताबें पढने में भी कुछ समय व्यतीत करेंगे। आज जरूरी कार्य पूरा होने से मानसिक सुकून और शांति रहेगी। प्रॉपर्टी से संबंधित काम बनने की भी संभावना है। जरूरी काम आज टाइम से पूरा हो जायेगा।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आज आप ऊर्जा से भरे रहेंगे जिससे आप वो सब कुछ हासिल कर सकते हैं जो आप चाहते हैं। संचार से जुड़ी किसी नयी तकनीक से फायदा जरूर मिलेगा। आसपास और साथ के लोगों में आपकी अच्छी इमेज बनेगी। आज आपकी सेहत बिल्कुल ठीक रहने वाली है।

कुम्भ राशिः कुम्भ राशि वालों आज आत्मविश्वास और उम्मीदों वाला दिन है। किसी भी स्थिति में घर के बुजुर्गों की सलाह अवश्य लें, आपको बढ़िया सलाह मिलेगी। आज भावनाओं में आकर किसी से वादा ना करें। आज आप फिजूलखर्ची से दूर रहे और उचित बजट बनाकर चलें।

मीन राशिः मीन राशि वालों आज का दिन नई सौगात लेकर आया है। आज आपके मन में बहुत सी सकारात्मक भावनाएं आएंगी। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल है। आज आप किसी के साथ बेवजह न उलझे और अपने ईगो पर काबू रखें। आज अधिक सोचने विचारने से महत्वपूर्ण उपलब्धि हाथ से भी निकल सकती है। आज सही निर्णय लेना बहुत जरूरी है।

## "पारदर्शिता की नई पहचान 'ई-ऑफिस'

**नितेश चक्रधारी,(सहायक जनसंपर्क अधिकारी)**

छत्तीसगढ़ में 'ई-ऑफिस' (e-Office) प्रणाली सरकारी कामकाज में पारदर्शिता, गति और जवाबदेही लाकर सुशासन (Good Governance) का नया सवेरा लेकर आई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में, यह डिजिटल पहल भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस और सरकारी प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। फाइलों का डिजिटल होना फाइलों में हेराफेरी की गुंजाइश को लगभग खत्म कर देता है, जिससे शासन में पारदर्शिता आती है। कागजी फाइलों के भौतिक परिवहन में लगने वाला समय बचता है, जिससे फाइलें तेजी से आगे बढ़ती हैं और निर्णय जल्दी लिए जाते हैं। डिजिटल तकनीक आज केवल सूचनाओं के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शासन की कार्यप्रणाली को नया आयाम दे रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया विजन और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के संकल्प को साकार करते हुए राज्य में ई-ऑफिस (e-Office) प्रणाली प्रशासनिक व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा बन चुकी है।



**फाइलों के अंबार से डिजिटल रफ्तार तक**-छत्तीसगढ़ में अब शासकीय दफ्तरों की तस्वीर बदल रही है। वह दौर बीत रहा है जब कार्यालयों में धूल खाती फाइलों के ढेर और कछुआ गति से चलने वाली प्रक्रियाएं सामान्य मानी जाती थीं। अब डिजिटल फाइलों के माध्यम से कार्यों में न केवल तेजी आई है, बल्कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता भी सुनिश्चित हुई है।

**सक्ती जिला रहा अव्वल**-ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य ने डिजिटल गवर्नेंस में नए मानक स्थापित किए हैं। व्यापक नेटवर्क के तहत प्रदेश के 87 हजार 222 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी इस डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ चुके हैं। अब तक 5 लाख 46 हजार 903 से अधिक फाइलों का सफल डिजिटल संचालन किया गया है। 30 अप्रैल 2026 की स्थिति में प्रदेश का 33 वां जिला सक्ती 15 हजार 735 फाइलों के डिजिटल संचालन के साथ राज्य में अग्रणी रहा है।

**ई-ऑफिस के प्रमुख लाभ**-ऑनलाइन फाइल ट्रैकिंग की सुविधा से अब यह जानना आसान है कि कौन सी फाइल किस अधिकारी के पास कितने समय से लंबित है। इससे कार्य के प्रति जवाबदेही बढ़ी है। कुशल निर्णय प्रक्रिया सचिवालय से लेकर जिला स्तर तक फाइलों की आवाजाही त्वरित होने से निर्णय लेने की प्रक्रिया व्यवस्थित और समयबद्ध हुई है। कागज के उपयोग में भारी कमी आने से यह प्रणाली पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा योगदान दे रही है। डिजिटल संधारण (Storage) के कारण दस्तावेजों के फटने, खोने या खराब होने का डर खत्म हो गया है और भंडारण की समस्या भी सुलझ गई है।

**प्रशिक्षण और तकनीकी मजबूती**-किसी भी नवाचार की सफलता उसके उपयोगकर्ताओं पर निर्भर करती है। इसी उद्देश्य से राज्य शासन ने अधिकारी-कर्मचारियों के लिए चरणबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इस व्यवस्था को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में एनआईसी (NIC) और चिप्स (CHiPS) की टीमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

**भविष्य की राह पूर्णतः डिजिटल प्रशासन**- मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का लक्ष्य आगामी समय में समस्त शासकीय पत्राचार को शत-प्रतिशत ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित करना है। यह बदलाव केवल एक तकनीकी सुधार नहीं है, बल्कि यह नागरिक-केंद्रित प्रशासन की ओर बढ़ता एक ठोस कदम है। ऑफिस ने यह सिद्ध कर दिया है कि तकनीक का सही समन्वय प्रशासन को प्रभावी और जनोन्मुखी बना सकता है। छत्तीसगढ़ का यह मॉडल आने वाले समय में सुशासन की एक नई और आधुनिक परिभाषा लिखने के लिए तैयार है।

**राजनीति**

# अखिलेश की भेष बदल कर हिन्दू वोटों की फसल काटने की तिकड़म

**अजय कुमार**

समाजवादी दल का इतिहास गवाह है कि जब भी चुनावी मौसम करवट लेता है, तब यह दल भी अपना रंग बदलने लगता है। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता दल की जीत ने उत्तर प्रदेश की सियासत में एक नई हलचल पैदा कर दी है। बंगाल के नतीजों ने यह साफ कर दिया कि हिंदू मतदाता एकजुट होकर मतदान करे तो किसी भी दुर्ग को ढहाया जा सकता है। इस संदेश को समाजवादी दल के मुखिया अखिलेश यादव ने बखूबी पढ़ लिया और देखते ही देखते उनकी सियासत का रंग बदलने लगा। अखिलेश यादव, जो कभी जाति और वर्ग की राजनीति के पुरोधा माने जाते थे, आजकल सामाजिक माध्यमों पर बजरंग बली की तस्वीर के साथ चौपाइयाँ लिख रहे हैं। समाजवादी दल के प्रदेश कार्यालय में बड़े मंगल पर पूजा-अर्चना की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। यह देखकर आम जनता के मन में एक ही सवाल उठता है कि क्या यह सच्ची आस्था है या केवल भेष बदल कर हिन्दू मतों की फसल काटने की तिकड़म?समाजवादी दल की स्थापना से लेकर आज तक उसकी सियासत की बुनावट को देखें तो एक धागा बार-बार नजर आता है जब सत्ता मिली तो एक रंग, और जब विपक्ष में आए तो दूसरा रंग। मुलायम सिंह यादव ने जब दल की नींव रखी, तब उनका मूल आधार यादव और मुसलमान मतदाताओं का गठबंधन था। इसे सियासी बोलचाल में 'माय' यानी मुसलमान-यादव समीकरण कहा गया। यह समीकरण वर्षों तक उत्तर प्रदेश की सत्ता का केंद्र बिंदु रहा। इस गणित के बल पर समाजवादी दल ने कई बार सरकार बनाई, लेकिन इसके साथ ही दल पर तुष्टीकरण का आरोप भी लगता रहा। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में जब भारतीय जनता दल ने भारी बहुमत से उत्तर प्रदेश की सत्ता हासिल की, तब समाजवादी दल को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करना पड़ा। 'माय' समीकरण पर्याप्त नहीं था, यह स्पष्ट हो गया। तब इस दल ने तुरंत अपनी राह बदली। वर्ष 2022 के चुनाव से पहले अखिलेश यादव ने एक नया नारा दिया पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक यानी पीडीए। इस नए समीकरण में पिछड़ी जातियों के व्यापक वर्ग को साधने की कोशिश थी। छोटी-छोटी जातियों को मंच देकर, उन्हें टिकट देकर दल ने यह जताने की कोशिश की कि अब वह केवल यादव और मुसलमान का दल नहीं रहा।2024 के लोकसभा चुनाव में पीडीए के नारे ने कुछ असर दिखाया और समाजवादी दल की सीटें बढ़ीं। अखिलेश यादव ने इसे अपनी रणनीति की सफलता बताया। लेकिन जानकारों का मानना है कि यह सफलता भारतीय जनता दल के विरोध में उपजी लहर का परिणाम थी, न कि किसी ठोस सामाजिक बदलाव का। इसके बावजूद समाजवादी दल के नेताओं का आत्मविश्वास आसमान छूने लगा। पीडीए को जादुई मंत्र की तरह प्रचारित किया जाने लगा। अब बंगाल के नतीजों के बाद फिर एक नया मोड़ आया है। हिंदू मतदाताओं को साधने के लिए धार्मिक प्रतीकों का सहारा लिया जा रहा है। यह कोई नई बात नहीं है। मुलायम सिंह यादव भी समय-समय पर मंदिरों में जाते थे, परशुराम जयंती मनाते थे और ब्राह्मण सम्मेलनों में शरीक होते थे। लेकिन उनकी असली राजनीति का धुरा कभी नहीं बदला। यही परंपरा अखिलेश यादव आगे बढ़ा रहे हैं।



समाजवादी दल के इस दोहरे चेहरे को समझने के लिए उसके शासनकाल को याद करना जरूरी है। जब दल सत्ता में था, तब दंगों की घटनाएँ हुईं। 2013 में मुजफ्फरनगर की पीड़ा आज भी लोगों के जेहन में ताजा है। उस दौर में पुलिस और प्रशासन पर पक्षपात के आरोप लगे। हिंदू समाज के एक बड़े वर्ग ने महसूस किया कि उनकी सुरक्षा दाँव पर है। इसी भावना का लाभ उठाकर भारतीय जनता दल ने 2017 में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। आज जब अखिलेश यादव बजरंग बली की चौपाई लिख रहे हैं, तो क्या वही मतदाता इसे भूल पाएगा?सामाजिक ताने-बाने की दृष्टि से देखें तो समाजवादी दल की सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि उसके भीतर का नेतृत्व अभी भी एक ही जाति के इर्द-गिर्द घूमता है। पीडीए का नारा कितना भी ऊँचा हो, जब टिकट बँटवारे की बारी आती है तो यादव और मुसलमान उम्मीदवारों की भरमार नजर आती है। शेष पिछड़ी जातियाँ, दलित और अन्य वर्ग को प्रतीकात्मक भागीदारी मिलती है। यह विरोधाभास मतदाता भली-भाँति जानता है।इसी तरह धार्मिक प्रतीकों का उपयोग भी सतही लगता है। जो दल दशकों से एक विशेष वर्ग के तुष्टीकरण के लिए जाना जाता हो, वह अचानक हनुमान चालीसा गाने लगे तो जनता को यह स्वाभाविक नहीं लगता। मतदाता जानता है कि यह परिवर्तन हृदय से नहीं, मतपेटी से उपजा है। राजनीति में यह दाँव कभी-कभी चल जाता है, लेकिन जागरूक मतदाता के सामने यह ज्यादा देर नहीं टिकता। उत्तर प्रदेश का मतदाता अब पहले से कहीं अधिक समझदार हो गया है। 2017 और 2022 के चुनावों ने यह सिद्ध कर दिया कि जाति और धर्म के समीकरण तो काम करते हैं, लेकिन शासन की विश्वसनीयता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। जो दल सत्ता में रहते हुए कानून-व्यवस्था नहीं संभाल पाया, जो दल जातिगत भेदभाव के आरोपों से घिरा रहा, वह दल केवल सामाजिक माध्यमों पर तस्वीरें बदलकर जनता का मन नहीं जीत सकता।2027 का विधानसभा चुनाव समाजवादी दल के लिए असली परीक्षा होगी। अखिलेश यादव की नई सामाजिक अभियांत्रिकी कितनी कारगर होगी, यह तो समय ही बताएगा। लेकिन इतना तय है कि केवल नारे बदलने से, केवल प्रतीक बदलने से राजनीति नहीं बदलती। जनता को चाहिए ठोस काम, सुरक्षा और न्याय। समाजवादी दल यदि वास्तव में बदलाव चाहता है तो उसे अपने भीतर झाँकना होगा, अपनी कार्य संस्कृति बदलनी होगी, अपने नेताओं की जवाबदेही तय करनी होगी और जाति की दीवारों से बाहर निकलना होगा। जब तक यह नहीं होता, 'माय' से पीडीए और पीडीए से बजरंगबली तक का यह सफर केवल चुनावी स्वाँग बना रहेगा। और उत्तर प्रदेश का मतदाता इस स्वाँग को पहचानना सीख चुका है।

# पचधारी एनीकेट दोस्तों के साथ नहाने गया युवक डूबा,गेट में फंसा मिला शव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 11 मई ।** केलो नदी पर स्थित अभिशप्त पचधारी एनीकेट में नहाने गये एक युवक की डूब कर मौत हो गई। रविवार को छुट्टी का आनंद लेने पहुँचे पाँच दोस्तों की टोली उस वक्त मातम में बदल गईए जब गहराई का अंदाजा न होने के कारण एक युवक पानी में समा गया। मृतक की पहचान रियापाली निवासी अजय सिदार ;25 वर्षद्ध के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसारए रविवार दोपहर अजय अपने साथियों के साथ केलो नदी के पचधारी एनीकेट पर पहुँचा था। भीषण गर्मी के बीच युवक पानी में उतरकर



नहाने लगेए इसी दौरान अजय गहरे पानी की चपेट में आ गया और देखते ही देखते आँखों से ओझल हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुँची और गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। काफी मशक्कत के बाद शाम करीब सा? छह बजे युवक का शव एनीकेट के गेट से बरामद किया गयाए जिसे तत्काल पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।कोतवाली थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल ने बताया कि रियापाली निवासी 25 वर्षीय अजय सिदार अपने दोस्तों के कहने पर यहाँ पचधारी एनीकेट नहाने आया था। उसके कुछ दोस्त रायग? में रहते हैंए जिनके साथ वह यहाँ पहुँचा था। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।गौरतलब है कि केलो नदी के इस पचधारी एनीकेट में डूबने से पूर्व में भी कई मौत हो चुकी है। यहाँ बार.बार होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन इसे ष्असुरक्षित क्षेत्रष् घोषित कर चुका है।एनीकेट के दोनों ओर प्रतिबंध की चेतावनी के बोर्ड लगाए गए हैंए लेकिन ये महज औपचारिकता बनकर रह गए हैं। रविवार और छुट्टियों के दिन यहाँ युवाओं की भारी भी? उमड़ती है जो प्रशासनिक आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए जान जोखिम में डालकर गहरे पानी में उतरते हैं। सवाल यह उठता है कि पुलिस की सक्रियता केवल हादसों के बाद ही क्यों दिखाई देती है।

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ समर कैम्प का समापन

**रायपुर, 11 मई ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित प्रेरणा समर कैम्प का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ।

शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर मे आयोजित समापन समारोह में छ.ग. राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरडिया, छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष विनोद अरोरा, अपर कलेक्टर उज्जवल पोरवाल, रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी, ब्रह्माकुमारी रश्मि दीदी और ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी ने विचार व्यक्त किए।

# पुलिस ने 4 वाहनों से 14 टन 700 किलो लोहा,टीना कबाड़ जब्त किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ, 11 मई ।** पूंजीपथरा पुलिस ने तमनार चौक पर नाकेबंदी कर अवैध कबाड़ लोड चार वाहनों को पकड़ा है। कार्रवाई में कुल 14 टन 700 किलो लोहा एवं टीना कबाड़ जब्त किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 3 लाख 23 हजार 800 रुपये है। चारों वाहनों के चालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर कार्रवाई की गई है स वहीं जब्त भंगार का मालिक कौन है और उसे कहां खपाने ले जाया जा रहा थाघ् इस तरह के सवाल हमेशा अनुत्तरित रहते हैं स जिनके विषय में जांच करने के बजाय पुलिस वाहन चालकों पर कार्रवाई कर स्वयं अपनी पीठ थप थपा लेती है स

इसी प्रकार शुक्रवार को भी थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक रामकिंकर यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तमनार चौक पर सघन नाकेबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि धरमजयगढ़.घरघोड़ा क्षेत्र से अलग.अलग वाहनों में कबाड़ लोड कर पूंजीपथरा की ओर लाया जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने चारों वाहनों को रोककर जांच की जिसमें भारी मात्रा में कबाड़ सामग्री लोड मिली। क्रमवार कार्रवाई इस प्रकार रही ट्रक क्रमांक 04 2867 को रोककर जांच की गई जिसे चालक पुरूषोत्तम यादव चला रहा था। वाहन में करीब 03 टन 700 किलो लोहा एवं टीना कबाड़ लोड मिलाए जिसकी अनुमानित कीमत 88 हजार 800 रुपये है।माजदा छः चक्का वाहन क्रमांक ब्ळ 14 डक् 7161 को चालक दीपक राम मांझी चला रहा था। वाहन में करीब 04 टन कबाड़ लोड मिलाए जिसकी कीमत लगभग 80 हजार रुपये है। माजदा वाहन क्रमांक ब्ळ 04 श्रक् 7747 की जांच में चालक पुनवा राम नौरंग मिलाए जिसके वाहन में करीब 03 टन लोहा एवं टीना कबाड़ पाया गयाए जिसकी अनुमानित कीमत 75 हजार रुपये है।

माजदा वाहन क्रमांक 11 ठड 6416 को चालक किशना सतनामी चला रहा था। वाहन में करीब 04 टन कबाड़ लोड मिलाए जिसकी कीमत लगभग 80 हजार रुपये है।

चारों वाहन चालकों से कबाड़ परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गएए लेकिन कोई भी चालक संतोषप्रद जवाब अथवा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। चोरी अथवा संदिग्ध संपत्ति होने के संदेह पर सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना पूंजीपथरा में पृथक कार्रवाई करते हुए धारा 35 क बीएनएसएस एवं 303.2 बीएनएस के तहत इस्तगासा तैयार किया गया साथ ही पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाई की जा रही है ।

## एक नजर

### फर्जी तरीके से राशि आहरण मामले में संलिप्त अधिकारियों पर हो एफआईआर : विनोद चंद्राकर

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग.शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगाँव में शून्य बढ़ाकर लाखों रु. की राशि आहरण तथा शास. उच्च. माध्य. विद्यालय सिरपुर में सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी द्वारा स्वयं का नाम व्याख्याता में में दर्ज कर अधिक वेतन राशि आहरण मामले में जाँच कर मामले में संलिप्त समस्त दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। चंद्राकर ने कहा कि कर्मचारियों द्वारा शासकीय धनराशि का गमन एक गंभीर भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। ऐसे में केवल कुछ कर्मचारियों को निलंबित कर मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि, इन प्रकरणों में सूक्ष्म जाँच करने पर अन्य लोगों की संलिप्तता भी सामने आएगी। उन्होंने आगे कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगांव में लंबे समय से वेतन आहरण के नाम पर लगातार शासकीय राशि की फर्जी तरीके से वेतन में 0 बढ़ाकर लाखों में राशि का आहरण किया गया है। बी.एम.ओ. एवं लेखापाल तथा जिला कोषालय के अधिकारी-कर्मचारी एकराय होकर फर्जी तरीके से राशि विभिन्न कर्मचारियों के नाम से निकाली गयी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगांव वर्ष 2019 से डी.डी.ओ. कोड क्र. 11 से स्वतंत्र तौर पर आहरण एवं वितरण का कार्य हो रहा है। तत्कालीन एवं वर्तमान बी.एम.ओ., तत्कालीन एवं निलंबित लेखापाल किशोर चौहान, आरती बंजारे द्वारा लोकनाथ चंद्राकर एम.पी.डब्ल्यु उप स्वास्थ्य केन्द्र पचरी को 16,31,952 लाख रूपये, सुरेश जांगड़े भृत्य को 33,98,044 लाख रू. एवं भागसिंह दीवान स्वीपर को 17,19,00 लाख रूपये मूल वेतन के अतिरिक्त कुल राशि 67,48,946 लाख रू. का भूगतान वेतन देयक में 0 (शुन्य) बढ़ाकर किया गया है। आर्थिक गबन में अभी तक केवल लेखापाल किशोर चौहान एवं जिनके खाते में अतिरिक्त वेतन दिया गया है, उन्हें निलंबित किया गया है। शेष अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।

### मारी क्लस्टर में सरपंचों संग कलेक्टर ने की विकास कार्यों और जनसमस्याओं की समीक्षा

**मोहला, 11 मई ।** सुशासन तिहार 2026 के तहत विकासखंड मोहला अंतर्गत ग्राम पंचायत मारी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर से पहले कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने मारी क्लस्टर की 11 ग्राम पंचायतों के सरपंचों की बैठक लेकर पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों, मूलभूत सुविधाओं और जनसमस्याओं की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती भारती चंद्राकर, एसडीएम मोहला श्री हेमेंद्र भुआर्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पटवारी तथा क्षेत्र के सरपंच उपस्थित रहे।बैठक के दौरान कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन समस्याओं से संबंधित शिकायतें अधिक मिल रही हैं, उनका त्वरित और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने जल संरक्षण और जल संचयन के स्थायी उपायों पर विशेष जोर दिया। ग्राम पंचायतों को तालाब, कुएं और अन्य जल संरक्षण कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि क्षेत्र में जल स्तर में सुधार लाया जा सके। कलेक्टर ने सभी सरपंचों से गांवों में नियमित मुनादी कराकर प्रत्येक माह ग्राम सचिवालय आयोजित करने को कहा। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालय के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं, विकास योजनाओं और आवश्यक कार्यों पर स्थानीय स्तर पर चर्चा कर तेजी से समाधान किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवास निर्माण कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय पर निर्माण पूर्ण होने से आगामी स्वीकृतियों में भी सुविधा मिलेगी। बैठक में निर्माण कार्यों में लगे राजमिस्त्रियों के प्रशिक्षण पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण के इच्छुक युवाओं की सूची तैयार करने को कहा। साथ ही युवाओं को इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर और सोलर टेक्नीशियन जैसे रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया।

### मोहला अनुभाग में 6 शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**मोहला, 11 मई ।** खाद्य विभाग छत्तीसगढ़ के अंतर्गत मोहला अनुभाग की 6 शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार ग्राम पंचायत क्षेत्र में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान मोंगरा, टाटेकसा एवं मरारटोला की संचालन एजेंसियों ने दुकान संचालन नहीं करने संबंधी समर्पण पत्र प्रस्तुत किया है, जबकि ढाढुटोला, कनेरी एवं उरवाही की दुकानें वर्तमान में निलंबित होकर अन्य दुकानों से संलग्न कर संचालित की जा रही हैं। इन दुकानों के संचालन हेतु वृहत्ताकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समितियों (लैम्प्स), प्राथमिक कृषि साख समितियों, वन सुरक्षा समितियों, महिला स्व-सहायता समूहों, ग्राम पंचायतों तथा अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियों से आवेदन मांगे गए हैं।

# 29 संदिग्ध कबाड़ी और फेरीवालों को थाने लाकर किया गया सत्यापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 11 मई ।** पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देशन में जिले में संपत्ति संबंधी अपराधोंए चोरी और अवैध कबाड़ के स्त्रोतों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन के तहत आज चक्रधरनगर पुलिस द्वारा विशेष सत्यापन अभियान चलाया गया। नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में सक्रिय संदिग्ध कबाड़ बीनने वालों एवं फेरीवालों की तस्दीक करते हुए कुल 29 संदिग्ध व्यक्तियों को थाना चक्रधरनगर लाकर पूछताछ और सत्यापन की कार्रवाई



की।पुलिस को लगातार सूचना प्राप्त हो रही थी कि क्षेत्र में संदिग्ध घूमने वाले कुछ संदिग्ध कबाड़ बीनने वाले एवं फेरीवाले चोरी और अवैध कबाड़ गतिविधियों से जुड़े हैं तथा कहीं न कहीं संपत्ति संबंधी अपराधों के स्त्रोत के रूप में सक्रिय हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए व अधिकारियों के निर्देश पर चक्रधरनगर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया और चिन्हित संदिग्ध व्यक्तियों को थाने लाकर उनकी विस्तृत तस्दीक की गई। कार्रवाई के दौरान सभी 29 संदिग्ध व्यक्तियों के फिंगरप्रिंट लेकर उनका आपराधिक रिकॉर्ड और गतिविधियों का सत्यापन किया जा रहा है। थाना प्रभारी राकेश मिश्रा द्वारा सभी को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की चोरीए अवैध कबाड़ खरीद.बिक्री अथवा संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्तता पाई जाती है तो उनके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सभी व्यक्तियों के विरुद्ध थाना चक्रधरनगर में प्रतिबंधात्मक वैधानिक कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देशनए नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में चक्रधरनगर थाना स्टाफ द्वारा की गई।

# दुष्कर्म केस में जेल भेजने की धमकी देकर 40 हजार रुपये की अवैध मांग भारी पड़ी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 11 मई ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देशन पर आम नागरिक को पुलिस कार्रवाई का भय दिखाकर भयादोहन की शिकायत पर त्वरित प्रभावी कार्रवाई की गई है। थाना घरघोड़ा पुलिस ने बलात्कार प्रकरण में जेल भेजने की धमकी देकर युवक और उसके परिवार से 40 हजार रुपये की अवैध मांग करने वाले आरोपित श्याम भोजवानी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।जानकारी के अनुसार मामले में वार्ड क्रमांक 10 घरघोड़ा निवासी साहिल यादव पिता सुशील यादवए उम्र 26 वर्ष द्वारा दिनांक 09 मई 2026 को थाना घरघोड़ा में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर वार्ड क्रमांक 02 घरघोड़ा निवासी श्याम भोजवानी के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई। प्रार्थी ने बताया कि पिछले लगभग चार.पांच वर्षों से उसका धरमजयगढ़ क्षेत्र की एक युवती से प्रेम संबंध था। कुछ दिनों पूर्व आपसी अनबन होने पर युवती दिनांक



07 मई 2026 को थाना घरघोड़ा पहुंची थीए साहिल भी श्याम भोजवानी के साथ थाना आया था । दोनों पक्ष आपस में बातचीत हुये बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया और युवती द्वारा किसी प्रकार की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई । प्रार्थी साहिल यादव के अनुसार उसी दिन शाम करीब 06 बजे श्याम भोजवानी उसके मोहल्ले पहुंचा और उसके परिवार को धमकाते हुए कहा कि थाना में 50 हजार रुपये देने पड़ेंगेए अन्यथा बलात्कार के मामले में जेल भेज दिया जाएगा। परिवार द्वारा असमर्थता जताने पर श्याम भोजवानी ने 40 हजार रुपये में काम करा देने की बात कहते हुए किसी भी तरह रकम की व्यवस्था करने दबाव बनाया। आरोपी लगातार मोबाइल कॉल कर प्रार्थी और उसकी मां को फोन कर रकम जल्दी देने का दबाव बनाते हुए जेल भेजने की धमकी देकर परेशान कर रहा था। शिकायतकर्ता ने स्पष्ट बताया कि किसी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी द्वारा उससे किसी प्रकार की रकम की मांग नहीं की गई थी और न ही उसे दोबारा थाना बुलाया गया था। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए थाना घरघोड़ा में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 158.2026 के तहत धारा 308.2 ए 308.6ए 62 बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई।थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक कुमार गौरव साहू द्वारा विवेचना के दौरान प्रार्थी से आरोपी द्वारा मोबाइल फोन पर रकम मांगने संबंधी बातचीत का ऑडियो क्लिप प्राप्त कर पेन ड्राइव में सुरक्षित जब्त किया गया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आज दिनांक 10 मई 2026 को आरोपित श्याम भोजवानी पिता स्वर्गीय लक्ष्मण प्रसाद भोजवानी, उम्र 56 वर्षए निवासी वार्ड क्रमांक 02 साईराम कॉलोनी, घरघोड़ा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गयाए जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।एसएसपी श्री शशि मोहन सिंह का सख्त संदेश-पुलिस कानून या किसी आपराधिक प्रकरण का भय दिखाकर पैसे की मांग करना अपराध है । आम नागरिक ऐसे मामलों में किसी भी बहकावे में न आएं और तत्काल पुलिस को सूचना दें। कानून का नाम लेकर अवैध वसूली करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### भखारा तहसील के राजस्व निरीक्षक को कलेक्टर ने किया सस्पेंड

**अंवरी, 11 मई।** सीमांकन कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में भखारा भठेली के राजस्व निरीक्षक मोहित कुमार सोनी को कलेक्टर ने निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि सीमांकन कार्य को तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन समय सीमा समाप्त होने के बाद भी काम पूरा नहीं किया गया।मामले में भारी लापरवाही सामने आई। इसे गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार ने राजस्व निरीक्षण को पहले नोटिस जारी कर जवाब मांगा था, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने और कार्य में सुधार नहीं होने पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया।

# महलोई में वैज्ञानिक तरीके से हो रहा सेप्टिक टैंक का निस्तारण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 11 मई ।** रायगढ़ जिले में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत जनपद पंचायत तमनार अंतर्गत ग्राम पंचायत महलोई में स्वच्छता एवं सुरक्षित मल प्रबंधन की दिशा में प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत महलोई निवासी संजय पटनायक के सेप्टिक टैंक की मशीन के माध्यम से सफाई कराई गई तथा निकाले गए डी-स्लज (डी-स्लजिंग अपशिष्ट) को सुरक्षित रूप से एफएसटीपी महलोई में निस्तारित किया गया।

ग्राम पंचायत महलोई में अब तक दो बार सेप्टिक टैंक खाली कराने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इससे गांव में नियमित स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिल रही है और खुले में मल अपशिष्ट फेंके जाने से होने वाले जल एवं भूमि प्रदूषण में भी कमी आएगी। एफएसटीपी में वैज्ञानिक पद्धति से मल अपशिष्ट का उपचार किए जाने से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ जल स्त्रोतों की सुरक्षा तथा जनस्वास्थ्य को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित हो रही है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगों को सेप्टिक टैंक की नियमित सफाई एवं सुरक्षित निस्तारण के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। जिन हितग्राहियों को सेप्टिक टैंक खाली कराना हो, वे संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव अथवा नगर पंचायत घरघोड़ा के सीएमओ कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# जैविक मिर्च की खेती से मालामाल हुए किसान डोलनारायण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 10 मई।** लैलूंगा विकासखंड के किसान डोलनारायण पटेल ने जैविक खेती के जरिए नई पहचान बनाई है। उन्होंने मात्र 75 डिसमिल जमीन में जैविक तरीके से मिर्च की खेती कर न सिर्फ बेहतर उत्पादन लिया, बल्कि महज 15 दिनों में करीब 75 हजार रुपए की बिक्री कर आसपास के किसानों के लिए मिसाल पेश की है। डोलनारायण पटेल की खासियत यह है कि उन्होंने खेती में रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल लगभग पूरी तरह बंद कर दिया है। यूरिया और डीएपी जैसे खाद की जगह उन्होंने गोबर खाद और जैविक तरीकों को अपनाया। खेत में लगभग तीन ट्रॉली गोबर खाद डाला गया, जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रही और फसल की गुणवत्ता भी बेहतर हुई।



डोलनारायण बताते हैं कि जैविक तरीके से तैयार मिर्च की गुणवत्ता सामान्य फसल से काफी बेहतर रही। मिर्च में प्राकृतिक चमक, तीखापन और खुशबू अधिक होने के कारण बाजार में इसकी मांग भी बढ़ी। स्थानीय व्यापारियों ने उनकी फसल को अच्छी कीमत पर खरीदा। उन्हें करीब 5 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक भाव मिला। उन्होंने बताया कि एक पौधे से लगभग 1 से 1.25 किलो तक मिर्च का उत्पादन हुआ, जबकि दो पौधों से करीब ढाई किलो तक उत्पादन प्राप्त हुआ। कम लागत और बेहतर उत्पादन के कारण खेती लाभ का सौदा साबित हुई।

डोलनारायण पटेल खेती को आधुनिक तकनीक से जोड़कर आगे बढ़ रहे हैं। उनके पास स्वयं की 6 एकड़ जमीन है, जबकि 11 एकड़ जमीन उन्होंने लीज पर ली है। कुल 17 एकड़ क्षेत्र में वे खेती कर रहे हैं। खेती के लिए उनके पास ट्रैक्टर, हार्वेस्टर सहित अन्य कृषि उपकरण उपलब्ध हैं। इससे अतिरिक्त आय का स्रोत भी तैयार हुआ है। डोलनारायण ने बताया कि कृषि विभाग की योजनाओं के तहत उन्हें स्प्रिंकलर, पाइप और मोटर पंप जैसी सुविधाएं मिलीं। इससे सिंचाई व्यवस्था मजबूत हुई। वे समय-समय पर कृषि विभाग के अधिकारियों से सलाह लेकर नई तकनीकों को अपनाते हैं। उनका कहना है कि यदि किसान वैज्ञानिक पद्धति और जैविक खेती को अपनाएं तो कम लागत में भी अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। मिर्च की खेती में मिली सफलता से उत्साहित डोलनारायण अब आगामी खरीफ सीजन में 4 एकड़ क्षेत्र में जवाफूल धान की खेती करने जा रहे हैं। रायगढ़ जिले के लैलूंगा क्षेत्र का पारंपरिक और खुशबूदार जवाफूल धान बाजार में अच्छी मांग रखता है। जैविक खेती से लागत घटती है, मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहती है और लोगों को स्वास्थ्यवर्धक अनाज एवं सब्जियां मिलती हैं। डोलनारायण पटेल कहते है कि खेती में मेहनत, नई सोच और आधुनिक तकनीक अपनाकर कम जमीन में भी बेहतर आमदनी हासिल की जा सकती है। उनकी पहल अब क्षेत्र के युवा किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर जैविक और नकदी फसलों की ओर प्रेरित कर रही है।

# पुलिस ने अभियान चलाकर 500 मकानों,200 वाहनों की जांच की





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 11 मई।** दुर्ग पुलिस ने कानून व्यवस्था मजबूत करने और असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण के उद्देश्य से सोमवार तड़के सुबह थाना खुर्सीपार क्षेत्र में विशेष सघन चेकिंग और कांबिंग गश्त अभियान चलाया यह अभियान सुबह 4 बजे से 9 बजे तक संचालित किया गया। जिसमें के नेतृत्व में 100 से अधिक पुलिस अधिकारी और जवान शामिल रहे कई इलाकों में एक साथ हुई कार्रवाई पुलिस द्वारा डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर, शिवाजी नगर, अटल आवास देवार बस्ती, मछली मार्केट और ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में एक साथ सघन जांच अभियान चलाया गया अभियान के दौरान करीब 500 मकानों की जांच की गई ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में लगभग 200 ट्रेलर और ट्रक वाहनों का सत्यापन किया गया पुलिस टीम ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की डिक्की चेकिंग के साथ ड्राइवरों और क्लीनरों के लाइसेंस, वाहन दस्तावेज और पहचान पत्रों की जांच भी की अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध गतिविधियों, मादक पदार्थों के परिवहन और संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखना था 7 संदिग्ध वाहन जब्त, 3 लोगों से पूछताछ कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 7 संदिग्ध बाइक को जब्त किया। वहीं थाना क्षेत्र के 3 संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पूछताछ के आधार पर आगे वैधानिक कार्रवाई की जा रही है अभियान में थाना खुर्सीपार, भिलाई-3, जामुल, यातायात पुलिस और रक्षित केंद्र दुर्ग के संयुक्त बल ने हिस्सा लिया। अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनी रहे नागरिकों से सहयोग की अपील दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वाहन या गतिविधि की सूचना तत्काल डायल-112 या नजदीकी थाना को दें। पुलिस का कहना है कि जनसहयोग से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है

# भखारा-भठेली में सुशासन तिहार 2026 - समाधान शिविर का सफल आयोजन

**अंवरी,11 मई।** नगर पंचायत भखारा-भठेली के पंचायत भवन में सुशासन तिहार 2026 - समाधान शिविर का भव्य एवं जनहितकारी आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से नागरिकों ने पहुंचकर शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याएं एवं मांगें लिखित रूप में प्रस्तुत कीं। शिविर जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण, पारदर्शी प्रशासन एवं जनसंपर्क का प्रभावी माध्यम बनकर सामने आया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सीएमओ हरिकृष्ण पावरिया, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू, अविनाश गौर बिट्टू,वरिष्ठ नागरिक वीरेंद्र साहू, हेमंत साहू, भूपेश्वरी चंदेल, गौतमी पटेल, झम्मन साहू, परदेसी कंवर, भूपेंद्र यादव, डूमेंद्र गंगबेल, हितेंद्र साहू, मेघनाथ साहू पार्षद गण, इंजीनियर ज्योति साहू सहित नगर पंचायत के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।विशेष बात यह रही कि जिले के विभिन्न नगर पंचायतों एवं निकायों के सीएमओ भी समाधान शिविर में शामिल हुए और शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं जनसमस्याओं के समाधान की प्रक्रिया का अवलोकन किया।शिविर में कृषि विभाग, राजस्व विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी, मितानिन, जिला उद्योग केंद्र, खाद्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा योजनाओं की जानकारी देकर आवेदन स्वीकार किए।

एक नजर

### शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिये जनपदों में लगेंगे भर्ती काउंसलिंग शिविर

**बलौदाबाजार, 11 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने जिला प्रशासन द्वारा लगातर प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी जनपद पंचायत मुख्यालय में काउंसलिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला कौशल विकास प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसआईएस लिमिटेड जशपुर द्वारा जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर काउंसलिंग, पंजीयन एवं भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा।काउंसलिंग कैम्प में चयनित युवाओं को प्रशिक्षण उपरांत शतप्रतिशत रोजगार प्रदाय किया जायेगा जिसमें चयनित अभ्यर्थियों को सुरक्षाकर्मी के रूप में नियुक्त कर ?15,000 से ?25,000 तक का मासिक वेतन दिया जाएगा। काउंसलिंग कैम्प 18 मई को जनपद पंचायत पलारी में, जनपद पंचायत सिमगा में 19 मई,जनपद पंचायत कसडोल 20 मई,जनपद पंचायत भाटापारा 21 मई एवं जनपद पंचायत बलौदाबाजार में 22 मई 2026 को होगा। शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक चलेगा।शिविर में बुनियादी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से मगनलाल के परिवार को मिला पक्का आशियाना

**रायपुर, 11 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कोंडागांव जिले में सुशासन और जनकल्याण की योजनाओं का प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), ग्रामीण परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों का पक्के मकान का सपना साकार हो रहा है। जिले के ग्राम बहीगांव निवासी श्री मगनलाल गौर का परिवार भी इस योजना से लाभान्वित होकर आज सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी रहा है। मगनलाल गौर पहले अपने परिवार के साथ एक कच्चे मकान में निवास करते थे। हर वर्ष बरसात के मौसम में उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। मकान की खपरैल बार-बार खराब हो जाती थी, जिससे बारिश का पानी घर के अंदर टपकता था। ऐसे समय में प्रधानमंत्री आवास योजना उनके लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आई। वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत उनके आवास को स्वीकृति मिली। योजना के तहत उन्हें मकान निर्माण के लिए 1 लाख 20 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। शासन से मिली इस सहायता राशि के साथ इसमें थोड़ा और राशि मिलाकर उन्होंने अपना पक्का मकान तैयार किया। मगनलाल गौर ने बताया कि पहले जहां बरसात के दिनों में परेशानी का सामना करना पड़ता था, वहीं अब पक्के मकान में उनका परिवार निश्चिंत होकर जीवन व्यतीत कर रहा है।

### पुरुषों के वर्चस्व वाले एक और क्षेत्र में पैर जमाने महिलाएं तैयार

**रायपुर, 11 मई।** पुरूषों के वर्चस्व वाले एक और क्षेत्र में पैर जमाने एवं अपनी पहचान स्थापित करने महिलाएं एक बार फिर तैयार हैं। महिलाओं के लिए अब तक अछूते रहे 'इलेक्ट्रिशियन' का काम सीख कर महिलाएं रोजगार की एक नई राह पर कदम बढ़ा रही हैं। ग्रामीण महिलाओं के लिए एक नए क्षेत्र में रोजगार के अवसर खोलने बिलासपुर के कोनी स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटी) में विभिन्न गांवों की 20 महिलाओं को इलेक्ट्रिशियन के काम का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये महिलाएं अब एक नए आकाश में उड़ान के लिए तैयार हैं। आर-सेटी बिलासपुर में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए एक नई पहल की गई है। अब ग्रामीण महिलाएं केवल सिलाई, बुनाई या पारंपरिक रोजगार तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे उन क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बना रही हैं जिन्हें वर्षों से पुरुष प्रधान माना जाता रहा है। 'बिहान' से जुड़ी बिलासपुर जिले की 20 महिलाएं इस बदलाव की मिसाल पेश कर रही हैं। एक नए व्यवसाय इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा रही हैं।

# जिले के विकास में पत्रकारों की भूमिका अहम :विश्वदीप

- नव पदस्थ कलेक्टर विश्वदीप ने की प्रेस वार्ता
- मीडिया के सामुदायिक सहभागिता पर दिया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 11 मई।** बीजापुर को विकास की नई राह पर अग्रसर करने के उद्देश्य से नवपदस्थ कलेक्टर विश्वदीप ने सोमवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में प्रशासन और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति देने पर सार्थक चर्चा हुई। पत्रकारों ने भी जिले के मुख्य बिंदुओं को कलेक्टर के समक्ष रखा।

उल्लेखनीय है कि बीजापुर जिला पिछले चार दशकों से माओवाद प्रभावित क्षेत्र रहा है, जिसके कारण शासन की योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने में चुनौतियो का सामना करना पड़ता था। वर्तमान में नक्सल-मुक्त की दिशा में अग्रसर होने के बाद जिले के समग्र विकास के लिए सामुदायिक सहभागिता को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बैठक में मीडिया प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पूर्व में रिपोर्टिंग के दौरान किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और वर्तमान में स्थितियां कैसे बदल रही हैं। साथ ही, स्थानीय समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों को भी विस्तार से रखा गया।

प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से बीजापुर को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, उप संचालक जनसंपर्क दिनेश नेताम सहित जिले के कई मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

ग्रामीण क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, राशन, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मुहैया करवाने के लिए दिए निर्देश

# पदभार ग्रहण करते ही कलेक्टर ने किया सुदूर क्षेत्रों का भ्रमण

**बीजापुर 11 मई।** जिला मुख्यालय में कलेक्टर श्री विश्वदीप ने रविवार को बीजापुर एवं उसूर ब्लॉक के सुदुर ग्रामीण क्षेत्रों का व्यापक दौरा कर सड़क, बिजली, पानी, राशन वितरण एवं स्वास्थ्य सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन सड़कों, कनेक्टिविटी तथा ग्रामीण सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




#### पामलवाया नर्सरी को विकसित करने दिए निर्देश

कलेक्टर ने पामलवाया नर्सरी का अवलोकन किया और वहां उपलब्ध फलदार पौधों की जानकारी ली। उन्होंने नर्सरी को विकसित करने हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिक संख्या में पौध तैयार कर बाउंड्री वॉल युक्त संस्थानों में पौधारोपण के लिए उपलब्ध कराने को कहा।

#### गंगालूर में स्वास्थ्य एवं नागरिक सुविधाओं की समीक्षा

कलेक्टर ने गंगालूर में स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य नागरिक सुविधाओं की जानकारी ली तथा निर्माणाधीन अधोसंरचना कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने 12 मई को आयोजित होने वाले सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

#### एड़समेटा गांव तक पहुंचेगा राशन

ग्राम पंचायत बुरजी में राशन वितरण व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने हितग्राहियों से चर्चा की। इस दौरान एड़समेटा के ग्रामीणों ने बताया कि बुरजी से गांव की दूरी 12-13 किलोमीटर होने के कारण राशन लेने में कठिनाई होती है। इस पर कलेक्टर ने उपस्थित एसडीएम को ट्रैक्टर के माध्यम से एड़समेटा गांव में ही राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

#### राशन दुकान तक बनेगी सीसी सड़क

कलेक्टर ने बुरजी राशन दुकान एवं आसपास निर्माणाधीन कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य सड़क से राशन दुकान तक सीसी सड़क निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा।

#### युवती को उच्च शिक्षा के लिए किया प्रेरित

राशन लेने पहुंची नैनपाल निवासी युवती गुंजन हेमला से चर्चा के दौरान पता चला कि 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद वह आगे की पढ़ाई नहीं कर रही हैं। कलेक्टर ने उन्हें उच्च शिक्षा जारी रखने के लिए प्रेरित किया तथा आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने हेतु एसडीएम को निर्देश दिए।

#### निर्माणाधीन सड़कों का किया निरीक्षण

दौरे के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन पीएमजीएसवाई एवं अन्य सड़कों का भी अवलोकन किया और कार्यों में गुणवत्ता एवं गति बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, सीईओ जनपद पंचायत हिमांशु साहू उप संचालक जनसंपर्क दिनेश नेताम, सहायक अभियंता भुनेश्वर सिंह कंवर, पंचायत सचिव सरपंच सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## तरेंगा और वटगन के समाधान शिविर में 28 ग्राम पंचायतों के लोग होंगे शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 11 मई।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं क़ी उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार 10 तरेंगा एवं वटगन में समाधान शिविर का आयोजन होग़ा।शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक़ चलेगा होग़ा। विकासखंड भाटापारा के ग्राम पंचायत तरेंगा शिविर में ग्राम पंचायत टिकुलिया,दतरेंगी, देवरी,पेंडरी,सेमरिया, सूमा, दतरेंगा, सूरजपुरा, खोलवा, कैथी, तरेंगा,कड़ार एवं अमलीडीह (क) शामिल हैं। विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत वटगन शिविर में भवानीपुर, रीवाडीह साहड़ा, लटेरा,कुची, खपरी बैज, बोइरडीह, टीपावन, लकडिया, नवागांव,बलौदी,कौड़िया, वटगन,जंगलोर एवं खरतोरा शामिल हैं।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को शिविर क़ी बेहतर तैयारी करने और विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। शिविर स्थल पर आवेदन पंजीयन केन्द्र होग़ा।शिविर में जल संचयन की शपथ ली जाएगी। पारंपरिक वेशभूपा में छत्तीसगढ़ी लोक कला, विभागीय योजनाओं एवं जल संचयन एवं संरक्षण आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होग़ा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,विद्युत विभाग,शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग,खाद्य विभाग,स्वास्थ्य विभाग, आदिवासी विभाग,कौशल उन्नयन विभाग, जिला विधिक सेवा,कषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग,उद्योग विभाग,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,जल संसाधन विभाग,वन विभाग,समाज कल्याण विभाग,खेल विभाग द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे।शिविर में अधिक से अधिक लोगों क़ी उपस्थिति हेतु शिविर आयोजन के पूर्व सभी सम्बधित गांव में मुनादी कराने के निर्देश दिये गए हैं।

## सुशासन तिहार से संवरी जोधन राम की खेती,किसान क्रेडिट कार्ड से मिली नई ताकत

**रायपुर,11 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आयोजित सुशासन तिहार प्रदेश के किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रहा है। इस अभिनव पहल के माध्यम से अंतिम छोर तक बसे लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से मिल रहा है। सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मणगढ़ के किसान जोधन राम इसकी जीवंत मिसाल हैं, जिनकी खेती को अब नई मजबूती मिली है।

जोधन राम ने सुशासन तिहार के तहत आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लिए आवेदन किया था। जिला प्रशासन की तत्परता और कार्यकुशलता के चलते उनका आवेदन शीघ्र स्वीकृत हुआ और उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध करा दिया गया।

जोधन राम बताते हैं कि पहले इस प्रकार की प्रक्रियाओं में काफी समय लग जाता था, लेकिन अब शासन की संवेदनशील व्यवस्था के कारण गांव में ही समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है।

किसान क्रेडिट कार्ड मिलने से जोधन राम को अब खेती के लिए आवश्यक खाद, बीज और अन्य कृषि सामग्री समय पर उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी में समय का बहुत महत्व होता है और संसाधनों की समय पर उपलब्धता से फसल उत्पादन बेहतर होगा तथा आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

जोधन राम ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से हमारी समस्याओं का समाधान गांव में ही हो रहा है। किसान क्रेडिट कार्ड मिलने से अब खेती करना आसान हो जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।इससे जोधन राम जैसे अनेक किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है और उनकी आजीविका को नई दिशा मिल रही है।

## रायपुर महिला जेल में वीडियो कॉलिंग सिस्टम का शुभारंभ

**रायपुर, 11 मई।** आज मदर्स डे के ममतामयी अवसर पर रायपुर की महिला जेल में बंदिनियों के लिए खुशियों की एक नई किरण जगी है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की घोषणा के अनुरूप, जेल प्रशासन ने महिला बंदिनियों को प्रिजन इनमेट वीडियो कॉलिंग सिस्टम का बहुप्रतीक्षित तोहफा दिया है।

वीडियो कॉलिंग की सुविधा से जेल विभाग और बीएसएनएल के बीच हुए अनुबंध के तहत इस सिस्टम को स्थापित किया गया है। अब महिला बंदी अपने परिजनों और अधिवक्ताओं से सीधे वीडियो कॉल के जरिए संवाद कर सकेंगी, जिससे उनके मानसिक संबल और कानूनी विमर्श में मदद मिलेगी। निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत कौशल विकास का प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली 38 महिला बंदिनियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह उनके पुनर्वास और भविष्य में स्वावलंबन की दिशा में एक बड़ा कदम है। जेल में अपनी माताओं के साथ रह रहे 14 मासूम बच्चों को विभाग की ओर से विशेष उपहार वितरित किए गए, जिससे बच्चों के चेहरे पर खिली मुस्कान खिल गया और जेल परिसर का माहौल उत्सवमय हो गया। इस संवेनदनशील पहल के शुभारंभ अवसर पर जेल और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से श्री हिमांशु गुप्ता (डीजी, जेल), श्री योगेश सिंह क्षत्री (जेल अधीक्षक), श्री विजय छबलानी (प्रतिनिधि, ठैछस्), सुश्री गरिमा पांडेय (प्रभारी, महिला जेल) एवं समस्त जेल स्टाफ संबंधित महिला बंदिनी उपस्थित रहे। यह पहल न केवल बंदिनियों को उनके मानवाधिकारों और परिवार से जोड़ने का माध्यम बनेगी, बल्कि जेल सुधार की दिशा में तकनीकी समावेश का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी पेश करेगी।

### प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 178 छात्र हुए शामिल



**बलौदाबाजार, 11 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन 10 मई 2026 को किया गया। इस परीक्षा में जिले के 178 विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा हेतु पंडित चक्रपाणी शुक्ल हायर सेकण्डरी स्कूल बलौदाबाजार को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। इस परीक्षा के लिये कुल 214 छात्रों ने पंजीयन कराया था जिसमें 178 उपस्थित एवं 36 अनुपस्थित रहे। कड़ी निगरानी एवं चाक –चौबंद व्यवस्था के साथ परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। परीक्षा के नोडल अधिकारी अरुण कुमार सोनकर एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सूरज दास मानिकपुरी ने केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

### 67 बंदियों को मिला कौशल प्रमाणपत्र

**रायपुर, 11 मई।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना निश्चय के अंतर्गत आज केंद्रीय जेल और महिला जेल, रायपुर में एक विशेष गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा बंदियों को अपराध की दुनिया से दूर कर स्वावलंबन और सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर करना है। ज़ेन जी युवा बंदियों को अपराध के दलदल में वापिस जाने से रोकने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ की सभी जेलों में निश्चय कार्यक्रम संचालित है। इस कार्यक्रम में युवा बंदियों को कॉउंसलिंग, अपराध बोध का ज्ञान, स्व–रोजगार उन्मुख कौशल प्रशिक्षण एवं रिहाई उपरांत स्वरोजगार हेतु बैंक के माध्यम से ऋण प्रदाय किया जाता है।

# सांस्कृतिक संध्या के साथ आध्यात्मिक वातावरण में समर कैंप का समापन

- ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा द्वारा आयोजित निःशुल्क समर कैंप के समापन समारोह में बड़ी संख्या में बच्चे एवं अभिभावक रहे उपस्थित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**तिल्दा नेवरा 11 मई।** ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा द्वारा विगत 10 दिनों से आयोजित निःशुल्क समर कैंप का समापन समारोह 10 मई को अत्यंत उत्साहपूर्ण, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चे, उनके अभिभावक एवं नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।

समापन समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. वर्णिका शर्मा रहीं, जो राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त हैं। वे राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच की राष्ट्रीय महामंत्री होने के साथ सैन्य मनोविज्ञान की अध्येता भी हैं। उनके 35 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं तथा वे अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में मुख्य वक्ता के रूप में भाग ले चुकी हैं। सामाजिक एवं राष्ट्रीय विषयों पर उनके कार्यों को इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया में व्यापक स्थान मिला है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शासकीय आत्मानंद प्रियदर्शिनी विद्यालय नेवरा के प्राचार्य भ्राता राजेन्द्र बंजारे एवं तिल्दा-नेवरा की प्रसिद्ध समाजसेवी बहन नीलम अग्रवाल उपस्थित रहीं।

अतिथियों के स्वागत उपरांत डॉ. वर्णिका शर्मा ने बच्चों एवं उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पालकों को बच्चों के अधिकारों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों के लिए कोई भी वस्तु लेते समय उनकी पसंद का ध्यान अवश्य रखें। साथ ही बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति उन्हें परेशान करे या गलत स्पर्श (क्ष्ड्डस्र ञ्शह्वष्द्ध) करे तो वे तुरंत अपने माता-पिता को इसकी जानकारी दें, ताकि बाल अधिकार संरक्षण मंच तक इसकी सूचना पहुंचाकर त्वरित कार्रवाई की जा सके। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए उन्होंने विशेष रूप से बच्चों द्वारा प्रस्तुत ÷ऐगिरी नंदिनी÷ गीत की प्रशंसा की। उन्होंने स्वयं इस स्तुति गीत की कुछ पंक्तियां गाकर कहा कि आज के द्बु और आधुनिकता के दौर में भी बच्चों का अपनी संस्कृति और भारतीय परंपराओं से जुड़ाव देखना अत्यंत सुखद अनुभव है।

उन्होंने ब्रह्माकुमारीज़ संस्था का धन्यवाद करते हुए कहा कि बच्चों को शिव से जोड़ने और आध्यात्मिक शिक्षा देने का यह निःशुल्क प्रयास अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को वैचारिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा देना भी आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। भ्राता राजेन्द्र बंजारे ने इस आयोजन को अत्यंत प्रभावशाली बताते हुए कहा कि इस वर्ष उनके विद्यालय से जितने बच्चे इस कैंप में शामिल हुए थे, अगले वर्ष उससे दोगुने बच्चों को इस शिविर में भेजने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपने सम्पूर्ण शिक्षक जीवन में बच्चों को अच्छे अंक एवं अच्छे संस्कारों के साथ आगे बढ़ाना ही उनका मुख्य उद्देश्य रहा है।

समाजसेवी बहन नीलम अग्रवाल ने कहा कि वे अब तक ब्रह्माकुमारीज़ को केवल मेडिटेशन सिखाने वाली संस्था के रूप में जानती थीं, लेकिन यहां आकर उन्होंने अनुभव किया कि यह संस्था बच्चों के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों को यहां अनेक उपयोगी स्किल्स एवं संस्कार अत्यंत रोचक तरीके से सिखाए गए। तिल्दा ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र प्रभारी बीके प्रियंका दीदी ने बताया कि राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से मन को शक्तिशाली बनाकर किसी भी प्रकार की गलत आदत या व्यसन पर विजय प्राप्त की जा सकती है, चाहे वह मोबाइल का अत्यधिक उपयोग हो या अन्य कोई नकारात्मक आदत। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ-साथ अभिभावक भी इस मेडिटेशन को सीख सकते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि 12 मई से प्रारंभ होने वाले इस संपूर्ण निःशुल्क मेडिटेशन शिविर का समय प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 9 बजे तक तथा शाम 7 बजे से 8 बजे तक रहेगा, जिसमें बच्चे एवं अभिभावक दोनों ही शामिल होकर तनावमुक्त जीवन जीने की कला सीख सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मंच पर पुरस्कृत भी किया गया। समर कैंप में डांस, ड्रॉइंग, एनर्जी ऑडिट, फायरलेस कुकिंग, पोस्टर मेकिंग, ग्रुप डिस्कशन, ड्रामा एवं एड मेकिंग जैसी अनेक रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। सभी विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पूरे दस दिवसीय कैंप के दौरान बच्चों के प्रदर्शन, अनुशासन, सहभागिता एवं प्रतिभा को ध्यान में रखते हुए ÷बेस्ट बॉय÷ और ÷बेस्ट गर्ल÷ का खिताब भी प्रदान किया गया। बेस्ट बॉय की श्रेणी में टाई रहा, जिसमें सुभाष यादव एवं आदित्य मिश्रा ने संयुक्त रूप से यह सम्मान प्राप्त किया, वहीं बेस्ट गर्ल का खिताब तनी ध्रुव ने अपने नाम किया।

समापन समारोह के अंत में सभी बच्चों एवं अभिभावकों ने ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित इस संस्कारमय एवं प्रेरणादायक समर कैंप की सराहना करते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा मदर्स डे के अवसर पर विशेष रूप से तैयार किए गए आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड भी अपनी माताओं को भेंट किए गए। यह सरप्राइज उनकी माताओं के लिए अत्यंत भावुक और हृदयस्पर्शी पल बन गया। बच्चों द्वारा अपने हाथों से बनाए गए इन सुंदर कार्डों में मां के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता की भावनाएं झलक रही थीं। अपने बच्चों से यह विशेष उपहार पाकर सभी माताएं भावुक हो उठीं तथा उनके चेहरे पर खुशी साफदिखाई दे रही थी। इस अनोखी प्रस्तुति ने समापन समारोह के वातावरण को और भी भावनात्मक एवं पारिवारिक स्नेह से भर दिया।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202605092200012**

विषयः- अ-74
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2025-2026

मुरमुंदा प.ह.न. 00031 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- शत्रुहन कँवर,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक शत्रुहन आ. रामसिंग जाति कंवर निवासी ग्राम मुरमुंदा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि कृषक ग्राम मुरमुंदा प.ह.न. 31 तहसील डोंगरगढ़ स्थित ख.न. क्रमशः 121/3, 121/5, 761/1, 847/4, 847/7, 847/9, 847/11, 855, 857/2, 857/6, 857/8 रकबा क्रमशः 0.0650, 0.3360, 0.0290, 0.2520, 0.0320, 0.1290, 0.0730, 0.0240, 0.3810, 0.2100, 0.0200 हे. कुल ख.न. 11 कुल रकबा 1.5510 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में शत्रुहन आ. रामसिंह, कुँवरिया बेवा रामसिंह, राधा पिता गणेश, चन्दरलाल पिता रामसिंह, राजू पिता रामसिंह, समित्रा पिता रामसिंह, पदमा पिता रामसिंह, चितरेखा पिता रामसिंह, शान्ति पिता गणेश सभी जाति कंवर सभी कृषक ग्राम मुरमुंदा के नाम पर दर्ज है। आवेदक शत्रुहन की उक्त वाद भूमि का किसान किताब (ऋण पुस्तिका) भाग 01 व भाग 02 कही गुम हो गई है, तथा डुप्लीकेट किसान किताब बनाना चाहता है। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 22/05/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/05/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202604094500041**

विषयः- अ-74
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2025-2026

ठाकुरटोला (प.ह.न. 00011),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- सीता राम वर्मा,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सीता राम वर्मा पिता कन्हैया राम वर्मा, जाति लोधी, उम्र 56 निवासी ग्राम ठाकुरटोला, तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक सीता राम वर्मा के नाम हक एवं स्वामित्व के शामिलात खाता में कृषक ग्राम ठाकुरटोला प.ह.नं. 11 तहसील लाल बहादुर नगर अंतर्गत स्थित भूमि में खसरा न. क्रमशः 313/4, 314/1, 316/1, 316/3, 316/4, 447/22, 453/2 का रकबा क्रमशः 0.0810 हे., 0.1010 हे. 0.1050 हे., 0.1010 हे. 0.1940 हे., 0.2990 हे. 1.3070 हे. कुल खसरा न. 07 का कुल रकबा 2.1880 हे. लगानी भूमि की ऋण पुस्तिका भाग-1 एवं भाग-2, ठाकुरटोला से घर जा रहा था, तो रास्ते में दिनांक 17/02/2026 को कहीं गुम हो गया है, जिसको आवेदक द्वारा बहुत खोज-बीन किया गया, लेकिन कहीं प्राप्त नहीं हुआ। आवेदक को ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण कृषि कार्य करने खाद, बीज, आदि लेने तथा अपनी कृषि उपज को विक्रय करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अतः आवेदक द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश कराना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 13.05.2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि में पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/04/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
ला.ब.नगर

# भरी गर्मी में नाले का पानी घरों में घुस रहा



**रायपुर, 11 मई।** रमन मंदिर वार्ड स्थित छहमुंहा नाले में कचरा जाम के कारण चूनाभट्टी बस्ती, फाफाडीह अंडरब्रिज और पाठक नर्सिंग होम गली में पिछले 3-4 दिनों से जलभराव की स्थिति है। लोगों के घरों में नाले का गंदा पानी घुस रहा है। स्थानीय पार्षद, महापौर, विधायक सभी सोए हुए हैं। अंडरब्रिज में पानी भरने के कारण दोपहिया वाहन सवार गिर रहे हैं और लोगों को चोट लग रही है।

पाठक नर्सिंग होम गली में जलभराव के कारण नर्सिंग होम सहित आसपास के घरों में पानी भर गया है। चूनाभट्टी बस्ती में भी लोगों के घर में पानी भर गया है। आज सबेरे 8:00 बजे से कांग्रेस के साथियों शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, संजय पाठक, डॉ. अन्नुराम साहू, कमल धृतलहरे, शिरीष अवस्थी, आसिफ मेमन, रूबल मेहता, सागर टांडी, संतराम सोनकर, ईश्वरी जांगड़े, संतोष गुप्ता, घनश्याम ठाकुर, शिवम श्रीवास्तव, दुर्गेश नायडू, पारस साहू, श्याम सिक्का, चन्द्रभान ध्रुव, इमरान हिंगोरा, सुरेश जांगड़े आदि कांग्रेसजनों के साथ दिन भर धरना दिया।

निगम के अधिकारियों को लगातार शिकायत करने के बाद जोन कमिश्नर एवं जेडएचओ आदि स्थल पर पहुँच कर पोकलेन एवं अन्य माध्यम से सफाई करवाने में लगे रहे। बरसात पूर्व हो रहे इस जलभराव से आने वाले मानसून में स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। कांग्रेसजनों ने चेतावनी दी है की अगर 24 घंटे के अंदर जल निकासी की व्यवस्था नहीं होती है तो पहले जोन कार्यालय फिर मुख्यालय का घेराव किया जाएगा।

# हटकेश्वर महादेव मंदिर में सीएम ने किया जलाभिषेक

## प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए की प्रार्थना



**रायपुर, 11 मई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के महादेव घाट स्थित हटकेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने महादेव से राज्य की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस दौरान कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक पुरन्दर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री साय हाटकेश्वर महादेव मंदिर परिसर महादेव घाट में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल होने पहुंचे थे।

## एक नजर

### भाजपा ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रभारियों की सूची की जारी

**रायपुर, 11 मई।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश पर भाजपा ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए अपने प्रभारियों की सूची जारी की। जारी सूची के मुताबिक छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव नगर पंचायत बम्हनीडीह जिला सक्ती के चुनाव प्रभारी होंगे। सूरजपुर जिला के नगर पंचायत शिवनंदनपुर के लिए जिला सहकारी बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष रजनीश सिंह व नगर पंचायत पलारी जिला बालोद के लिए छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा व नगर पंचायत सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम के लिए अपेक्स बैंक के अध्यक्ष केदार नाथ गुप्ता प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### माँ के चेहरे की मुस्कान ही सबसे बड़ी खुशी

**रायपुर, 11 मई।** माँ गोदावरी आनंदवन आश्रम में मदर्स डे बड़े ही प्रेम, सम्मान और अपनत्व के साथ केक काटकर मनाया गया। आश्रम परिवार एवं स्टाफ ने बधाई देते हुये बुजुर्ग माता पिता से आशीर्वाद लिया। इस मदर्स डे पर बुजुर्ग माताओं को नंदनवन घूमने ले जाया गया। इस दौरान सभी माताओं ने वहाँ के अलग-अलग पक्षियों और प्राकृतिक सौंदर्य को देखकर बेहद खुश नजर आईं। घूमने-फिरने और प्रकृति के बीच बिताया गया यह पल सभी के लिए बहुत ही खास और यादगार रहा। बुजुर्ग माताओं के चेहरे पर खुशी और मुस्कान था। माँ गोदावरी आनंदवन में बुजुर्गों की खुशियों, मनोरंजन और मानसिक स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाता है।

### अमेजन में 50 प्रतिशत तक कैशबैक

**रायपुर, 11 मई।** गर्मियों का मौसम आ चुका है और साथ ही बचत के स्मार्ट तरीके भी। अमेजन ग्रेट समर सेल 2026 के दौरान अमेजन बाजार ग्राहकों के लिए बेहद किफ़ायती और ट्रेंडिंग प्रोडक्ट्स की शानदार रेंज लेकर आया है, जिससे ग्राहक अपने बजट पर अतिरिक्त बोझ डाले बिना अपनी वॉर्डरोब को नया लुक दे सकते हैं और घर को अपग्रेड कर सकते हैं। इस अमेजन ग्रेट समर सेल में ग्राहकों को 500 रुपये तक का कैशबैकऔर पहले ऑर्डर पर फ्लैट 50% कैशबैक मिलेगा। इसके साथ ग्राहक फैशन, इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज, होम और किचन कैटेगरी में ज्यादा बचत और आसानी के साथ खरीदारी कर सकेंगे। अमेजन बाजार, अमेजन इंडिया का विशेष वैल्यू-बेस्ड शॉपिंग प्लेटफ़ॉर्म है, जिसे खास तौर पर उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है जो रोजमर्रा की जरूरत का सामान बेहद किफ़ायती कीमतों पर खरीदना चाहते हैं। फैशन और होम डेकोर से लेकर किचन टूल्स और वायरलेस एक्सेसरीज तक, बाजार ग्राहकों को चुनिंदा और शानदार प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराता है, जहां बेहतरीन ऑफ़र्स के साथ आसान शॉपिंग अनुभव मिलता है। बाय मोर, सेव मोर जैसे फ़ीचर्स और बेहद कम शुरुआती कीमतों के साथ बाजार ग्राहकों को सुविधा, भरोसे और शानदार बचत का अनुभव प्रदान करता है।

### आश्रय केंद्रों की संख्या को 250 तक ले जाएगा एमेजॉन

**रायपुर, 11 मई।** आज एमेज़ॉन इंडिया ने साल 2026 के अंत तक अपने आश्रय केंद्रों की संख्या 250 तक ले जाने की अपनी योजना के बारे में बताया, जिससे दिल्ली एनसीआर, मुंबई, बैंगलुरु, चेन्नई और देश के अन्य शहरों में मौजूदा 100 आश्रय केंद्रों का नेटवर्क बढ़कर और अधिक मजबूत हो जाएगा। इसी विस्तार के अंतर्गत मई के अंत तक 50 नए आश्रय केंद्र शुरू किए जाएंगे। आश्रय केंद्र सभी डिलीवरी ड्राईवर्स के लिए एमेज़ॉन के समर्पित रेस्ट सेंटर हैं, जहाँ अन्य कंपनियों के डिलीवरी ड्राईवर भी आ सकते हैं। यहाँ पर उन्हें एयरकंडीशंड सीटिंग, पीने के लिए साफ पानी, इलेक्ट्रोलाईट, मोबाईल चार्जिंग पॉईंट, स्वच्छ वॉशरूम, फर्स्ट एड किट और आराम करने की जगह मिलती है। ये सेंटर भीषण गर्मियों के मौसम में डिलीवरी ड्राईवर्स को आराम करने और फिर से रिचार्ज होने का स्थान प्रदान करते हैं। इस समय भारत के 16 शहरों में 100आश्रय केंद्र हैं, जहाँ साल 2025 में पूरे उद्योग के डिलीवरी ड्राईवर्स की एक मिलियन से अधिक विज़िट दर्ज हुई थीं।

# चैट जीपीटी की मदद से बनाई आईपीएल की फर्जी टिकटें, छग के 4 युवक लखनऊ में बंदी

**रायपुर, 11 मई।** आईपीएल मैच के दौरान नकली टिकट बेचकर लोगों से ठगी करने वाले दुर्ग के 4 युवकों को उत्तर प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने कथित तौर पर चैटजीपीटी और डिजाइनिंग सॉफ्टवेयर की मदद से आईपीएल टिकटों की हूबहू कॉपी तैयार की थी। कार्रवाई लखनऊ साइबर सेल और सुशांत गोल्फसिटी थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दुर्ग निवासी श्रीकांत बोरकर, नूतन कुमार साहू, राजेंद्र चौधरी और विश्वजीत साहू के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से फर्जी आईपीएल टिकट, लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और प्रिंटिंग में इस्तेमाल होने वाला सामान जब्त किया है।

जानकारी के मुताबिक 7 मई को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल मैच खेला गया था। मैच देखने पहुंचे जालौन निवासी प्रदीप सिंह को स्टेडियम के बाहर आरोपियों ने दो टिकट बेचे और यूपीआई के जरिए 1000 रुपए लिए। जब प्रदीप एंट्री गेट पर पहुंचे तो स्कैनिंग के दौरान टिकट फर्जी निकले। इसके बाद उन्होंने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने यूपीआई ट्रांजैक्शन और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपियों को दोदनखेड़ा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

**मास्टरमाइंड ग्रेजुएट, कार वॉशिंग का करता था काम:** पुलिस के अनुसार श्रीकांत बोरकर इस पूरे गिरोह का मास्टरमाइंड है। वह ग्रेजुएट है और कार वॉशिंग का काम करता था। उसका सहयोगी राजेंद्र चौधरी भी इसी काम से जुड़ा हुआ है।

### यूपीआई ट्रांजेक्शन से खुला राज



### सोशल मीडिया से डाउनलोड करते थे असली टिकट

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया और इंटरनेट से असली आईपीएल टिकटों की फोटो डाउनलोड करते थे। इसके बाद कॉरल ड्रा जैसे डिजाइनिंग सॉफ्टवेयर की मदद से फर्जी टिकट तैयार किए जाते थे। टिकट का डिजाइन, पेपर क्वालिटी और साइज समझने के लिए आरोपियों ने चैटजीपीटी का भी इस्तेमाल किया। गिरोह का सदस्य विश्वजीत साहू 2डी और 3डी डिजाइनिंग जानता था, जिसे उसने यूट्यूब और कोचिंग के जरिए सीखा था।

### सामान बरामद

15 फर्जी आईपीएल टिकट, 14 प्रिंटेड टिकट शीट, लैपटॉप, 4 स्मार्टफोन, पेपर कटर और प्रिंटिंग सामग्री, बैंक पासबुक और एटीएम कार्ड, सीजी नंबर की रिट्ज कार।

### पहले दिल्ली में भी कर चुके थे कोशिश

पुलिस के मुताबिक आरोपी इससे पहले दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम के बाहर भी नकली टिकट बेचने की कोशिश कर चुके थे, लेकिन वहां सफल नहीं हुए। इसके बाद उन्होंने तकनीक में बदलाव कर लखनऊ में लोगों को निशाना बनाया। डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद ने बताया कि आरोपियों ने नकली टिकट बेचकर यूपीआई के जरिए पैसे लिए थे।

इसी डिजिटल ट्रांजैक्शन को ट्रेस कर पुलिस आरोपियों तक पहुंची। फिलहाल पुलिस गिरोह के अन्य नेटवर्क और संभावित मामलों की जांच कर रही है।

# देश की अर्थव्यवस्था बर्बादी की कगार पर : बंजारे



**रायपुर, 11 मई।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाअध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार गिरता जा रहा है, विदेशी मुद्रा भंडार नीचे आता जा रहा है और केंद्र सरकार केवल प्रचार-प्रसार में व्यस्त है। भाजपा सरकार की आर्थिक विफलताओं का खामियाजा आज देश की गरीब और मध्यम वर्गीय जनता भुगत रही है। उन्होंने कहा कि जिस सरकार ने मजबूत अर्थव्यवस्था और विश्वगुरु भारत का सपना दिखाया था, उसी सरकार के कार्यकाल में रुपया लगातार कमजोर हो रहा है। देश की आर्थिक हालत इतनी खराब हो चुकी है कि जनता के बीच यह चर्चा होने लगी है कि क्या रुपया डॉलर के मुकाबले शतक लगाएगा। यह किसी भी देश के लिए बेहद शर्मनाक और चिंताजनक स्थिति है।

राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट यह साबित करती है कि केंद्र सरकार आर्थिक मोर्चे पर पूरी तरह असफल रही है। भाजपा सरकार ने नोटबंदी करके व्यापार चौपट किया, गलत जीएसटी लगाकर छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ी और अब महंगाई एवं बेरोजगारी ने जनता का जीना मुश्किल कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के पास जनता की परेशानियों का कोई जवाब नहीं है। किसान कर्ज में डूबा है, युवा बेरोजगार है, मजदूर परेशान है और आम आदमी महंगाई से त्रस्त है, लेकिन भाजपा सरकार केवल इवेंटबाजी और झूठे प्रचार में लगी हुई है। बंजारे ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों ने देश को आर्थिक अस्थिरता की तरफ धकेल दिया है। पेट्रोल-डीजल, गैस सिलेंडर, खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। केंद्र सरकार देश की जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों की कड़ी निंदा करती है और केंद्र सरकार से मांग करती है कि देश की बिगड़ती अर्थव्यवस्था, गिरते रुपये और बढ़ती महंगाई पर तत्काल जवाब दे तथा जनता को राहत पहुंचाने के लिए ठोस कदम उठाए।

# उप्पल और चंद्राकर को भारत क्यों नहीं लाई सरकार : कांग्रेस



**रायपुर, 11 मई।** कांग्रेस ने बीजेपी और केंद्र सरकार पर महादेव सट्टा एप के खुलेआम संचालन का आरोप लगाया है। कांग्रेस का कहना है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एप के विज्ञापन दिख रहे हैं, लेकिन सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही। छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा एप को लेकर कांग्रेस ने एक बार फिर बीजेपी और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस का आरोप है कि बीजेपी की डबल इंजन सरकार के संरक्षण में महादेव सट्टा एप का कारोबार खुलेआम संचालित हो रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और इंस्टाग्राम पर आज भी महादेव सट्टा एप के विज्ञापन दिखाई दे रहे हैं, लेकिन सरकार इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही। शुक्ला ने कहा कि यदि सरकार चाहे तो सोशल मीडिया पर किसी आम नागरिक की पोस्ट तक हटवा सकती है या अकाउंट पर प्रतिबंध लगवा सकती है। फिर महादेव सट्टा एप जैसे विवादित ऑनलाइन बेटिंग प्लेटफॉर्म के विज्ञापन कैसे चल रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार को इन विज्ञापनों की जानकारी नहीं है, या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि महादेव सट्टा एप को बीजेपी की राज्य और केंद्र सरकार दोनों का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान बीजेपी नेताओं ने इसी महादेव एप को मुद्दा बनाकर तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे। चुनावी सभाओं में प्रधानमंत्री मोदी समेत बीजेपी के कई बड़े नेताओं ने कांग्रेस सरकार को बदनाम करने की कोशिश की थी। महादेव एप को आर्थिक बर्बादी का कारण बताया था। अब वही एप खुलेआम चल रहा है और उसके विज्ञापन सोशल मीडिया पर दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि प्रदेश और केंद्र दोनों जगह बीजेपी की सरकार को ढाई साल से अधिक समय हो चुका है। लेकिन आज तक महादेव सट्टा एप पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकी। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि आखिर इस पूरे नेटवर्क को संचालित करने वाले बताए जा रहे रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर और शुभम सोनी को अब तक गिरफ्तार कर भारत क्यों नहीं लाया गया।

# जरूरतमंदों को श्रवण यंत्र वितरित



**रायपुर, 11 मई।** शरीर के किसी भी अंग की दुर्बलता बुढ़ापे को दूभर बना देती है, कानों से कम सुनाई देना भी बड़ी परेशानी है। जैन संवेदना ट्रस्ट इस परेशानी को श्रवण यन्त्र बाँटकर दूर करने का प्रयास कर रहा है। श्रवण यन्त्र से 17 लोगों के जीवन में खुशियां लौटी। जैन संवेदना ट्रस्ट ने आज से साधर्मिक भक्ति व अनुकम्पा सेवा सप्ताह का आरम्भ किया है। सेवा सप्ताह के आरम्भ में 17 दिव्यांगों को श्रवण यन्त्र वितरित किए गए। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने इस अवसर पर कहा कि मानवता की सेवा जीवन का सर्वोत्तम कार्य है। जीवन भर सुनने के बाद जब बुढ़ापे में कम सुनाई देने लगता है तो बड़ी समस्या पैदा हो जाती है। इस वक़्त श्रवण यन्त्र ही बड़ा सहारा होता है। जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा गूंगे बहरे लोगों का परीक्षण कर श्रवण यंत्र का वितरण किया जाता है। ट्रस्ट के वीरेन्द्र डागा ने बताया कि बच्चों में कु नियति को जन्म से सुनाई नही देता था, डॉक्टरों ने जांच कर बताया कि श्रवण यन्त्र लगाकर नियति सुन सकती है। श्रवण यन्त्र लगाकर सभी बच्चे सुनने लगे हैं। सभी के माता पिता प्रफुल्लित होकर जैन समाज का आभार जताया है। जैन संवेदना ट्रस्ट ने वर्ष 2026 में 1000 लोगों की मदद का लक्ष्य रखा है। मई के आरम्भ में ही 2 बच्चों के अलावा 17 बुजुर्गों को भी श्रवण यन्त्र देकर सुनने की समस्या से निजात दिलाई।

### छत्तीसगढ़ में मौसम बदलेगा

**रायपुर, 11 मई।** छत्तीसगढ़ में पिछले पांच दिनों से मौसम के बदले मिजाज ने तेज गर्मी पर फिलहाल ब्रेक लगा रखा है। बादल, हल्की बारिश और तेज हवाओं के कारण प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि सोमवार से प्रदेश में फिर गर्मी बढ़ने लगेगी और अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि दर्ज की जा सकती है। मई महीने में सामान्य तौर पर तेज गर्मी और लू का असर देखने को मिलता है, लेकिन इस बार शुरुआती दिनों से ही मौसम लगातार बदलता रहा है। राजधानी रायपुर समेत कई जिलों में हल्की बारिश और बादलों की वजह से लोगों को राहत मिली हुई है। बीते पांच दिनों में अधिकतम तापमान में करीब पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। जहां महीने की शुरुआत में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था, वहीं अब अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।

# शादी में चली बंदूक, बीजेपी नेता की हर्ष फायरिंग पर उठे सवाल

**रायपुर, 11 मई।** रायपुर में एक शादी समारोह के दौरान कथित हर्ष फायरिंग का वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। वायरल वीडियो में भाजपा नेता ऋतुपर्ण सिंह, मोनिका सिंह और अन्य परिजन बारात के दौरान बंदूक से हवा में फायरिंग करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि शादी समारोह के बीच एक ही बंदूक से कई लोग बारी-बारी से फायर कर रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि वीडियो के एक हिस्से में बंदूक एक बच्चे के हाथ में भी नजर आई। हालांकि बच्चे द्वारा फायर किया गया या नहीं, इसकी पुष्टि अब तक नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो अब पुलिस तक भी पहुंच चुका है। समारोह स्थल पर बड़ी संख्या में बाराती मौजूद थे, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। फिलहाल यह भी जांच का विषय बना हुआ है कि इस्तेमाल की गई बंदूक लाइसेंसी थी या नहीं। मामला एक भाजपा नेता से जुड़ा होने के कारण अब सबकी नजर पुलिस कार्रवाई पर टिकी हुई है। सोशल मीडिया पर लोग हर्ष फायरिंग को लेकर सवाल उठा रहे हैं और सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस वीडियो के आधार पर जांच में जुटी हुई है।

# मदर्स डे पर पुलिस कमिश्नरेट में संवाद से समाधान कार्यक्रम आयोजित

**रायपुर, 11 मई।** मदर्स डे पर रायपुर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा महिलाओं एवं माताओं की सुरक्षा, सम्मान एवं जागरूकता को केंद्र में रखते हुए विशेष ÷संवाद से समाधान÷ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत नगर निगम गार्डन, थाना कोतवाली क्षेत्र एवं फ़ेकटपारा थाना मौदहापारा में स्थानीय पुलिस अधिकारियों द्वारा महिलाओं विशेषकर माताओं के मध्य पहुंचकर संवाद स्थापित किया गया तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना गया।

इस दौरान रायपुर पुलिस कमिश्नरेट की पिंक पेट्रोल यूनिट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित महिलाओं एवं छात्राओं को बताया गया कि यदि कोई उनका पीछा करे, अभद्र टिप्पणी करे, सोशल मीडिया अथवा मोबाइल के माध्यम से परेशान करे, अश्लील हरकत करे, फोटो/वीडियो वायरल करने की धमकी दे या किसी भी प्रकार से असुरक्षित महसूस कराए, तो वे चुप न रहें और तत्काल पिंक पेट्रोल यूनिट हेल्पलाइन नंबर 94792-10932 पर संपर्क करें। महिलाओं को यह भी बताया गया कि उनकी सूचना पर त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी विस्तृत जागरूकता संदेश दिए गए। नागरिकों को बताया गया कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, यूपीआई फ्रॉड, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया हैकिंग अथवा अन्य साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल डायल 1930 पर कॉल करें एवं नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। समय पर सूचना देने से ठगी गई राशि को होल्ड अथवा वापस प्राप्त किए जाने की संभावना बढ़ जाती है।

**सुविधा** | रेलवन एप यात्रियों के बीच हो रहा है तेजी से लोकप्रिय, समय की हो रही बचत

# एक ही एप में रेलवे की सभी सुविधाएं



**रायपुर, 11 मई।** भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों को आधुनिक, त्वरित एवं सुविधाजनक डिजिटल सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में विकसित रेलवन ऐप यात्रियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। पिछले वर्ष जुलाई में प्रारंभ किए गए इस एकीकृत मोबाइल ऐप को देशभर में अब तक करोड़ों लोग डाउनलोड कर चुके हैं तथा इसका उपयोग लगातार बढ़ रहा है।

रेलवन ऐप की प्रमुख विशेषताएँ, उपयोगिता एवं लाभ

इस ऐप के माध्यम से यात्री आरक्षित, अनारक्षित एवं प्लेटफॉर्म टिकटों की आसानी से बुकिंग कर सकते हैं, साथ ही टिकट रद्दीकरण एवं रिफंड की प्रक्रिया भी बेहद सरल एवं त्वरित रूप में उपलब्ध है।

यात्रियों को पीएनआर स्टेटस, वेटिंग स्थिति, लाइव ट्रेन रनिंग स्टेटस, ट्रेन के आगमन एवं प्रस्थान समय, प्लेटफॉर्म नंबर तथा कोच पोजिशन जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी रियल टाइम में प्राप्त होती है। रेलवन ऐप सुरक्षित, सुविधाजनक एवं तेज डिजिटल भुगतान सुविधा उपलब्ध कराता है।

रेलवन ऐप में यात्रियों को तेज, सुरक्षित एवं सुविधाजनक डिजिटल टिकटिंग सुविधा मिलने के कारण यात्रियों का समय एवं श्रम दोनों की बचत हो रही है तथा टिकट काउंटरों में भीड़ एवं लंबी कतारों से राहत मिल रही है। यात्री कहीं से भी अपने मोबाइल के माध्यम से आसानी से टिकट बुक कर सकते हैं। यह ऐप पारदर्शी एवं कैशलेस टिकटिंग व्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ-साथ खुल्ले पैसे एवं फेक करेंसी जैसी समस्याओं से भी राहत प्रदान कर रही है। यात्रियों की सुविधा को और बेहतर बनाते हुए रेलवन ऐप के माध्यम से यात्रा के दौरान भोजन ऑर्डर करने की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे पसंदीदा भोजन सीट तक पहुँचाया जाता है। डिजिटल इंडिया अभियान को सशक्त बनाने में भी रेलवन ऐप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

रेलवन ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक कर डिजिटल भुगतान करने पर यात्रियों को 3 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की जा रही है, जो 14 जुलाई 2026 तक प्रभावी है।

# कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने बैठक में चर्चा



**रायपुर, 11 मई।** गुरु घासीदास ब्लाक में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं वार्ड कमेटी बूथ कमेटी के अध्यक्षों की आवश्यक बैठक रायपुर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन की अध्यक्षता एवं ब्लाक अध्यक्ष मिलिंद गौतम के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। जिसमें वार्ड संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं बूथ स्तर तक कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में गुरू घासीदास ब्लॉक के अध्यक्ष मिलिंद गौतम सुजीत सिंह, उत्तर विधानसभा जन सेवक अजीत कुकरेजा मंडल अध्यक्ष विक्की वाधवानी, पूर्व पार्षद गावेश साहु पूर्व पार्षद शीतल कुलदीप, वार्ड अध्यक्ष रेणु कुर्रे दीदी एवं समस्त बूथ अध्यक्ष गण एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। बैठक में सभी साथियों ने एकजुट होकर संगठन हित में कार्य करने एवं जन-जन तक कांग्रेस की विचारधारा पहुंचाने का संकल्प लिया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26